आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 17 अंक 13 ● कटनी ● सोमवार, 13 फरवरी, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● फाल्गुन कृष्ण पक्ष 8 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## स्पनिल जी वानखडे जबलपुर नगर निगम आयुक्त, सुश्री मिशा सिंह अपर कलेक्टर

**जबलपुर, यशभारत।** मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग ने नवीन पदस्थापना की है। जिसके चलते जबलपुर नगर निगम आयुक्त स्वनिल जी बानखेडे नियुक्त किए है। श्री वानखड़े इसके पहले मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रीवा में पदस्थ थे। तो वहीं सुश्री मिशा सिह अपर कलेक्टर जिला उमरिया की नवीन पदस्थापना के तहत अपर कलेक्टर जिला जबलपुर नियुक्त किया गया है।



## हिंडनबर्ग पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

### बेंच ने सेबी से निवेशकों की सुरक्षा के लिए सुझाव मांगे थे, अडाणी ग्रुप ने रेवेन्यू ग्रोथ टारगेट को आधा किया

**नई दिल्ली, ईएमएस।** सुप्रीम कोर्ट आज को अडाणी ग्रुप के खिलाफ हिंडनबर्ग की रिपोर्ट से जुड़ी दो जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करेगा। एडवोकेट एमएल शर्मा और विशाल तिवारी ने ये जनहित याचिका दायर की है। याचिकाओं में दावा किया गया है कि हिंडनबर्ग ने शेयरों को शॉर्ट सेल किया जिससे चनिवेशकों को भारी नुकसानज हुआ।इस मामले में पहली सुनवाई शुक्रवार (10 फरवरी) को हुई थी। इस दौरान चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ और जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला ने सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया से भविष्य में निवेशकों की सुरक्षा के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं, पर सुझाव देने को कहा था। SEBI की तरफ से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कोर्ट ने कहा था कि वे इस मामले पर सोमवार को पूरी जानकारी के साथ आएं। उधर, उधर, अडाणी ग्ररुप ने अपने रेवेन्यू ग्रोथ टारगेट को आधा कर दिया है। याचिकाओं में दावा किया गया है कि हिंडनबर्ग ने शेयरों को शॉर्ट सेल किया जिससे चनिवेशकों को भारी नुकसानज हुआ।

## अडानी ग्रुप की रफ्तार पर ब्रेक! अब बिजनस बढ़ाने के बजाय कर्ज चुकाने पर फोकस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी शॉर्ट सेलिंग फर्म Hindenburg Research की एक रिपोर्ट में अडानी ग्रुप (Adani Group) को बुरी तरह झकझोर कर रख दिया है। ग्ररुप की मार्केट वैल्यू को 120 अरब डॉलर से अधिक का नुकसान हुआ है।



हालत यह हो गई है कि अडानी ग्ररुप अपने रेवेन्यू ग्रोथ टारगेट कम करने और कैपेक्स में कटौती करने की योजना बना रहा है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक अडानी ग्ररुप ने अगले फाइनेंशियल ईयर में 40 फीसदी ग्रोथ का अनुमान जताया था लेकिन अब इसे घटाकर 15 से 20 फीसदी किया जा सकता है। साथ ही कैपिटल एक्सपेंडीचर प्लान में भी कटौती करने की योजना है। ग्ररुप आक्रामक तरीके से अपना कारोबार फैला रहा था लेकिन हिंडनबर्ग की रिपोर्ट ने उसकी साख को बट्टा लगा दिया है।

### बेंगलुरु में एयरो इंडिया 2023 का आगाज, स्वदेशी सुपरसोनिक एयरक्राफ्ट पर बजरंगबली

# यह सिर्फ एयर शो नहीं, भारत की ताकत : पीएम मोदी

**बेंगलुरु, ईएमएस। देश की हाईटेक सिटी बेंगलुरु, में एयरो इंडिया 2023 का आगाज हो गया। एयरो इंडिया के 14वें एडिशन की शुरुआत सोमवार को बेंगलुरु के येलहांका के एयर फोर्स स्टेशन पर हुई। यह एयर शो पांच दिन चलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका उद्घाटन किया। इस शो में सबसे ज्यादा सुर्खियों ॥रुरुत्रअ-42 ने बटोरीं। इसकी टेल पर हनुमानजी की फोटो है। साथ ही एक मैसेज भी लिखा है- अद्बद्ध स्हृब्ध्द्ध ढ्ढह्य ष्टश्र्द्वद्बठ्ठद्द (तूफान आ रहा है)।**





उद्घाटन के दौरान पीएम मोदी ने कहा, च्पहले यह सिर्फ एयर शो था, लेकिन अब ये भारत की ताकत बनकर उभर रहा है। कोरोना काल के बाद पहली बार इस शो में दर्शक भी शामिल हो रहे हैं।13 फरवरी से 17 फरवरी तक चलने वाला शो मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड प्लान के मुताबिक स्वदेशी टेक्नोलॉजी को प्रदर्शित करने और विदेशी कंपनियों के साथ साझेदारी बनाने पर केंद्रित है। इसकी थीम च्द रनवे टू ए बिलियन अपॉर्चुनिटीजज्है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने औपचारिक उद्घाटन करते हुए कहा, आज भारत की संभावनाओं और सामर्थ्य का प्रमाण हमारी सफलताएं दे रही हैं। आकाश में गर्जना करते तेजस विमान च्मेक इन इंडियाज की सफलता का प्रमाण है। 21वीं सदी का नया भारत अब ना कोई मौका खोएगा और ना ही अपनी मेहनत में कोई कसर छोड़ेगा।हम कमर कस चुके हैं। उन्होंने कहा कि अमृतकालज का भारत एक फाइटर पायलट की तरह आगे बढ़ रहा है, जिसको ऊंचाइयां छूने से डर नहीं लगता।जो सबसे ऊंची उड़ान भरने के लिए उत्साहित है। पीएम ने कहा- एक समय था जब ये एयर शो केवल एक शो था। अब यह सोच बदल गई है। ये अब एक शो नहीं बल्कि देश की ताकत है। आज दुनिया की रक्षा कंपनियों के लिए भारत एक मार्केट नहीं बल्कि पार्टनर भी है। एयरो इंडिया शो में 100 से अधिक देशों की भागीदारी नए भारत में दुनिया के भरोसे को दर्शाती है।

### कर्नाटक के युवा डिफेंस में देश की ताकत बढ़ाएं

पीएम मोदी ने कहा कि यह शो एक और वजह से खास है यह कर्नाटक जैसे टेक्नोलॉजी की दुनिया में जगह बनाने वाले राज्य में हो रहा है। इससे कर्नाटक के युवाओं के लिए नई संभावनाएं खुलेंगी।

### भारत कोई मौका नहीं खोएगा

प्रधानमंत्री ने कहा- हमारे यहां कहा जाता है प्रत्यक्षं किम प्रमाणम्, यानी प्रत्यक्ष को प्रमाण की जरूरत नहीं। आज आकाश में गर्जना करते तेजस मेक इन इंडिया का प्रमाण है। हिंद महासागर में ढ्ढहृस्-विक्रांत, गुजरात के वडोदरा में या तुमकुरु में एचएएल के हेलिकॉप्टर इस बात का प्रमाण है। 21वीं सदी का भारत न कोई मौका खोएगा न मेहनत में कमी रखेगा। हम कमर कस चुके हैं।डिफेंस एक्सपोर्ट 5 बिलियन डॉलर करने का लक्ष्य- देश के आयात-निर्यात पर मोदी बोले- जो देश दशकों से डिफेंस सेक्टर में सबसे बड़ा आयातक था वो अब निर्यात कर रहा है। देश का रक्षा निर्यात 6 गुना बड़ा है। हम 75 देशों के डिफेंस इक्विपमेंट एक्सपोर्ट कर रहे हैं। हमने निर्यात में 1.5 बिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर लिया है।

## न चीन की चलेगी, न पाकिस्तान की!

### हथियारों से पावर बढ़ा रही भारतीय फौज

**नई दिल्ली,एजेंसी।** पाकिस्तान और चीन से मिलती चुनौतियों के बीच भारतीय सेना धीरे-धीरे लेकिन लगातार अपनी ताकत बढ़ा रही है। लंबी दूरी तक मार करने वाले हथियार, घातक शस्त्र, स्वार्म ड्रोन और दूसरे टोही फाइटर्स के साथ ही सेना रात में लड़ने में सक्षम साजोसामान, निगरानी और जंबो जेट बेड़े में शामिल कर अपनी स्थिति को मजबूत करती जा रही है। पूर्वी लद्दाख में चीन की तरफ से मिली चुनौती के बाद इसमें और तेजी आई। हाल में अरुणाचल प्रदेश बॉर्डर पर भी पड़ोसी मुल्क ने माहौल खराब करने का दुस्साहस किया था। सेना अब टेक्नॉलजी की मदद से आधुनिकीकरण पर भी फोकस कर रही है। शीर्ष रक्षा सूत्रों ने हमारे सहयोगी अखबार ञ्जह्रढ्ढ को बताया कि महत्वपूर्ण युद्धक क्षमताएं बढ़ाई जा रही हैं, पुराने हथियारों की जगह सिस्टम को अपग्रेड किया जा रहा है। उधर, टूथ-टु-टेल रेशियो बेहतर करने के लिए सेना के पुनर्गठन के लिए अभियान चल रहा है। सेना की भाषा में TxR प्रत्येक फाइटर सैनिक की तुलना में आपूर्ति और सहयोग के लिए सैन्य कर्मियों का रेशियो होता है। इसको सुधारने का मतलब यह है कि ज्यादा से ज्यादा जवानों की तैनाती जंग के मैदान में मुकाबले के लिए रखी जाए।



## लोकसभा में राहुल को नोटिस

## राज्यसभा में विपक्ष के सांसदों का हंगामा



**नई दिल्ली, ईएमएस।** संसद के बजट सत्र के पहले चरण का आज आखिरी दिन है। लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों की कार्यवाही शुरू हो गई है। राज्यसभा में अडाणी मुद्दे पर विपक्षी सांसदों ने हंगामा किया। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट पर विपक्ष लगातार छ्वक्करु की मांग कर रहा है। सत्र से पहले 14 विपक्षी दलों के नेताओं ने राज्यसभा सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे के संसद कक्ष में मुलाकात की। इधर, लोकसभा सचिवालय ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को नोटिस जारी किया है। सचिवालय ने बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे और संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी के विशेषाधिकार हनन के नोटिस पर राहुल गांधी से जवाब मांगा है। लोकसभा सचिवालय ने राहुल गांधी से कहा है कि 15 फरवरी तक इस नोटिस पर जवाब दाखिल करें।राहुल को लोकसभा में नोटिस पर खड़गे ने कहा- राहुल गांधी ने संसद में जो कुछ भी कहा था वह पहले से पब्लिक डोमेन में है, जो सभी लोग बोलते-लिखते हैं वही बात उन्होंने कही है। इसमें कुछ भी असंसदीय नहीं है। इसलिए वह उसी हिसाब से नोटिस का जवाब देंगे।

**राज्यसभा में भड़के उपराष्ट्रपति**

राज्यसभा में विपक्षी सांसदों ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पर सरकार के दबाव में काम करने का आरोप लगाया। इसपर सभापति धनखड़ भड़क गए। उन्होंने कहा- विपक्ष के नेता, आपने इतनी बार संकेत दिया है कि अध्यक्ष दबाव में काम कर रहे हैं। ये शब्द डिलिटेड हैं। आप सदन के पटल पर बने रहने के अपने अधिकार का हनन कर रहे हैं। हर बार आप कह रहे हैं कि अध्यक्ष दबाव में काम कर रहे हैं।

**13 मार्च से शुरू होगा दूसरा चरण**

बजट सत्र का दूसरा चरण 13 मार्च से शुरू होगा, जो 6 अप्रैल तक चलेगा। दूसरे चरण में संसद के दोनों सदनों में वित्त विधेयक पर चर्चा की जाएगी, जिसके बाद विधेयक को दोनों सदनों से पास कराया जाएगा। 31 जनवरी से 6 अप्रैल तक कुल 66 दिनों (छुट्टी मिलाकर) में कुल 27 बैठकें होनी है। बता दें कि सत्र का पहला चरण 31 जनवरी को राष्ट्रपति के अभिभाषण से शुरू हुआ था।

## OFK के एल पी आर में बम से कर्मचारी घायल

### टेस्टिंग के दौरान हादसा ,पैर के लोथड़े उड़े, हालत नाजुक





**जबलपुर ,यशभारत।** आज सुबह11बजे खमरिया के एल पी आर रेंज में उस समय हड़कंप मच गया जब बम टेस्टिंग के दौरान टैंक का एक बम वापिस आकर अपनी सेक्शन में काम कर रहे कर्मचारी के पास गिरा जिससे कर्मचारी बुरी तरह जख्मी हो गया ।मौके पर एम्बुलेंस न होने पर तत्काल खमरिया फैक्टरी से एम्बुलेंस बुलाकर जख्मी कर्मचारी को जबलपुर अस्पताल रवाना किया ।जहां तत्काल आई सी यू में भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया है ।खबरों के अनुसार कर्मचारी बुरी तरह जख्मी है। कभी भी कुछ हो सकता है ।डाक्टरों की टीम गहन मंथन कर रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एस क्यू ए ई खमरिया के लांग प्रूफ रेंज में टी-90टैंक के बमों की टेस्टिंग चल रही थी ।टेस्टिंग के दौरान करीब11बजे एक बम रिवर्स फायरिंग में वापिस आकर सेक्शन में गिरा जहां एक कर्मचारी श्याम जी प्रसाद कारपेंटर हाई स्किल्ड काम कर रहा था। बम से उसके दाहिने पैर का निचला हिस्सा और जांघ के पिछले हिस्से से मांस के लोथड़े बाहर आ गए। बताया जाता है कि इस घटना के बाद एस क्यू ए ई(ए)के कर्मचारी दहशत जदा हैं। उनका कहना है कि खतरनाक परिस्थितियों के बाबजूद न वहां एम्बुलेंस थी और न ही आपतकालीन इलाज की व्यवस्था थी।

## भारत का जो संविधान है वही रहेगा :कमलनाथ



**छतरपुर , यशभारत ।** बागेश्वरधाम पहुंचे पूर्व सीएम कमल नाथ ने बालाजी सरकार के दर्शन किए। दर्शन के बाद पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से मुलाकात की और करीब पांच मिनट तक मीटिंग की ।पत्रकारों से बातचीत में कहा मैंने छिंदवाड़ा में हनुमान मंदिर बनवाया। हनुमानजी का भक्त हूं। इसलिए यहां आया हूं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि देश बाबा साहब के बनाए भारत के संविधान के अनुसार चलेगा। हिंदू राष्ट्र के प्रश्न पर कहा भारत का जो संविधान है वही रहेगा। इतना कहकर वे आगे बढ़ गए। बागेश्वर धाम में रविवार को भव्य कलश यात्रा के साथ 7 दिनों तक चलने वाले विशाल शिवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ हो गया है। धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने विश्व कल्याण और भारत हिन्दू राष्ट्र की मनोकामना के लिए आयोजित किए जा रहे महोत्सव के बारे में बताया।



## खंडवा में दो गुटों के बीच भिड़ंत पथराव से बिगड़े हालात

### एक थानेदार सहित 2 पुलिसकर्मी घायल

**खंडवा ,ईएमएस।** मध्य प्रदेश के खंडवा में दो गुटों के बीच झड़प का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। हालात इस कदर बिगड़ गए की स्थिति पथराव तक पहुंच गई। दोनों पक्षों के बीच जमकर पत्थरबाजी की खबर है। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। हालांकि, उन्हें भी विरोध का सामना करना पड़ा। पथराव की चपेट में कुछ पुलिसकर्मी भी आ गए। सीएसपी और एक थानेदार सहित दो पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। स्थिति बिगड़ती देख तुरंत ही पुलिस टीम ने दूसरे थानों से संपर्क किया गया। बताया जा रहा कि अलग-अलग थानों से पुलिस टीम के आने के बाद किसी तरह से हालात नियंत्रण में आए। पूरा मामला खंडवा के दुबे कॉलोनी इलाके का है। यहां एक घर में हुनमान जी की प्रतिमा स्थापना की जा रही थी। जिसका विरोध दूसरे पक्ष के लोगों ने किया। बस इसी को लेकर दोनों गुटों के लोग आमने-सामने आ गए ।देर रात सामने आए इस मामले में दोनों पक्षों की भिड़ंत ने बवाल रूप ले लिया। इस बीच पुलिस को सूचना मिली तो वो तुरंत ही मौके पर पहुंची। उन्होंने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास भी किया, लेकिन पत्थराबाजी शुरू हो गई। दोनों ओर से पथराव किया गया, जिसमें स्थिति संभालने पहुंची पुलिस टीम के दो कर्मी भी जख्मी हो गए ।हालांकि, जल्द ही पुलिस के आला अधिकारियों ने हालात संभाला।


पहले ही वर्ष में लाखों लोगों की पसंद बना

अरुणोदय पंचांग

घर-घर का पंडित बना

अरुणोदय पंचांग





## तुर्किये में फिर आया भूकंप, इस बार 4.7 थी तीव्रता

### पिछली तबाही से मरने वालों की संख्या 34,000 पार

**अंकारा ,एजेंसी।** भीषण तबाही झेल रहे तुर्किये में एक बार फिर भूकंप आया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, तुर्किये के दक्षिण-पूर्व क्षेत्र कहरामनमरास में रविवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.7 मापी गई। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे ने बताया कि तुर्किये के कहरामनमरास शहर से 24 किलोमीटर दक्षिण में रविवार को 4.7 तीव्रता का भूकंप आया।इससे पहले छह फरवरी को तुर्किये और सीरिया में 7.8 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया था। इसके एक-दो दिन बाद भी कई बार भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए थे। अधिकारियों ने बताया कि पिछले सोमवार को तुर्किये और सीरिया में आए विनाशकारी भूकंप के कारण अब तक 33,000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों घायल हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, रविवार को तुर्किये में भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 29,605 हो गई। जबकि सीरिया के उत्तर पश्चिम में विद्रोहियों के कब्जे वाले क्षेत्रों में 2,168 मौतें सहित यहां कुल 4,574 लोगों की मौत हुई है। तुर्किये के दस प्रांतों मे भूकंप की वजह से 25 हजार से ज्यादा इमारतें जमींदोज हुई हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, मलबे में अब भी 10 हजार से ज्यादा शव हो सकते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन सहित कई विशेषज्ञ संस्थान भी अनुमान लगा चुके हैं, मृतकों की कुल संख्या 50 हजार से ज्यादा हो सकती है।





## धर्मशाला से इंदौर शिफ्ट हुआ भारत-ऑस्ट्रेलिया सीरीज का तीसरा टेस्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मौजूदा टेस्ट सीरीज का तीसरा मैच धर्मशाला से इंदौर शिफ्ट कर दिया गया है। यह मुकाबला 1 से 5 मार्च के बीच खेला जाएगा। दरअसल, भारी बारिश के कारण धर्मशाला का मैदान और पिच समय पर तैयार नहीं हो सके हैं। यही कारण है कि मैच इंदौर शिफ्ट किया गया है।बीसीसीआई के मुताबिक, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का तीसरा टेस्ट धर्मशाला में होने वाला था, जिसे अब इंदौर शिप्ट किया गया है। यहां कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। साथ ही आउटफील्ड में पर्याप्त घास नहीं है।

# गांव के 10 बच्चे एक साथ चिकनपॉक्स की चपेट में

## लाल चकत्तों व दानों के साथ फैले संक्रमण के कारण स्वास्थ्य विभाग भी हरकत में



**कटनी, यशभारत।** कटनी जिले के एक गांव में एक दो नहीं पूरे दस बच्चों में चिकनपाक्स के संक्रमण की खबर से चिंता बढ़ गई है। हालांकि स्वास्थ्य अमला स्थिति नियंत्रण में होने का दावा कर रहा है। ढीमरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम सनकुई में चिकनपॉक्स वायरस के संक्रमण का मामला सामने आया है। एकसाथ गांव के 8 से 10 बजे चपेट में आ गए हैं, जिससे हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई है। खास लाल चकत्तों व दानों के साथ फैले संक्रमण के कारण स्वास्थ्य विभाग भी हरकत में आ गया है। मौके पर पहुंचकर डॉक्टर ने टीम के साथ बच्चों को उपचार दिया है व सावधानी बरतने के लिए अभिभावकों को सुझाव। जानकारी के अनुसार सनकुई की आशा कार्यकर्ता, सरपंच ने स्वास्थ्य विभाग को सूचना दी कि गांव में कोई बीमारी फैल रही है। बच्चों को तेज बुखार, सर्दी, जुखाम, आंखों में लालिमा, आंखों में पसीना, शरीर में लाल चकत्ते, दाने व खुजली की समस्या बनी हुई है। एक के बाद एक बच्चे संक्रमित हो रहे हैं। सूचना मिलते ही डॉ. नीतू बुंदेला एएनएम के साथ गां पहुंचीं और बच्चों की जांच करते हुए आवश्यक दवाएं दी हैं। डॉ. नीतू बुंदेला ने एक-एक करके सभी बच्चों की जांच की। बच्चों के माता-पिता से बात की और फिर दवाएं दीं। अभिभावकों को बताया कि इस संक्रमण को आगे बढ़ने से रोकने का एक मात्र उपाय है कि बच्चे घरों पर आराम करें। दूसरों के संपर्क में न आएं और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। उल्लेखनीय है कि मीजल्स, चिकनपॉक्स आदि के लिए फरवरी व मार्च का महीना संक्रमण काल का होता है, जिसका शिकार सनकुई के बच्चे हो गए हैं। एक साथ 10 से ज्यादा बच्चों में वायरस का सामने आने से स्वास्थ्य विभाग की चिंतित है। वास्तव में मीजल्स है या फिर अन्य कोई संक्रमण इसकी जांच के लिए शनिवार को विभाग द्वारा ब्लड सेम्पल लिया जाएगा। अभी सिर्फ फिजिकली जांच हुई है। बता दें कि जिन बच्चों में संक्रमण के लक्षण पाए गए हैं वे सभी 5 से 10 बर्ष के बीच के हैं। अन्य बच्चे संक्रमित न हों, इसके लिए दूसरे बच्चों से दूरी बनाकर रखने कहा गया है। जिन बच्चों में संक्रमण फैल गया है उनको ठीक होने से 12 से 15 दिन का समय लगेगा। ब्रजभूषण बैरागी ने बताया कि सूचना के बाद बच्चों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपचार दिया गया है।

### कटनी में मशीन से वसूली में मजा नहीं आ रहा पुलिस को

# पीएसओ मशीन से हाईटेक बनी पुलिस फिर रसीद बुक लेकर खड़ी



**कटनी, यशभारत।** कटनी-पुलिस अधीक्षक कटनी सुनील कुमार जैन ने कुछ समय पहले कंट्रोल रूम कटनी में चालानी कार्यवाही के लिए प्राप्त पॉइंट ऑफ सेल मशीन का उद्घाटन किया। दरअसल कटनी पुलिस को पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा पीओएस मशीन आवंटित की गई थी। जिसका उद्घाटन किया गया । साथ ही कटनी जिले के सभी थाना प्रभारियों तथा अन्य अधिकारी, कर्मचारियों को मशीन का प्रशिक्षण भी दिया गया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केड़िया, नगर पुलिस अधीक्षक, डीएसपी मुख्यालय, डीएसपी अजाक, रक्षित निरीक्षक, तथा जिले के समस्त थाना प्रभारी उपस्थित रहे। अब आप सोच रहे होंगे चालान या इस तरह की प्रक्रिया पीएसओ मशीन से ही की जा रही होंगी तो यह गलत होगा क्योंकि कटनी पुलिस ने हाईटेक मशीन तो ले लीं थीं इसका प्रशिषण भी प्राप्त कर लिया था मगर एक दो दिन हाईटेक बनने के बाद फिर से रसीद कट्टा लेकर पुलिस जहां तहां खड़ी है। दरअसल चालान या इस तरह के जुर्माने के लिए पीएसओ मशीन को इंटरनेट कनेक्टीविटी चाहिए जो पुलिस वाले अपने मोबाइल से भला क्यों दें। यही नहीं चर्चा तो यह भी है कि मशीन से चालान भरने में टेंशन के साथ साथ बचत भी नहीं होती। चालान में खुल्ले पैसे अक्सर पुलिस वापस नहीं करती यह पैसा भले ही थोड़ा हो लेकिन बूंद बूंद से घट भरते हुए यही बचत वसूली करने वाले पुलिस वालों के लिए बड़े काम की होती है। अब स्वाभिक है कि पीएसओ मशीन से चालान भरना पुलिस क्यों चाहेगी। पीओएस मशीन पूरे भारत के वाहन तथा सारथी एप्प से इंटीग्रेटेड है। मशीन में वाहन नम्बर डालते ही वाहन मालिक की सम्पूर्ण जानकारी ,पूर्व में हुए चालान की जानकारी, तथा दस्तावेजों की जानकारी मिल जाती है। मशीन के द्वारा एटीएम, क्रेडिट कार्ड , बार कोड से भी समन शुल्क राशि का भुगतान किया जा सकता है। पीओएस मशीन वर्चुअल कोर्ट से जुड़ी हुई है मतलब जुर्माना ना भरने की दशा में केस मशीन के द्वारा ही कोर्ट में चला जायेगा।

### कार्ययोजना को लेकर कटनी डेवेलपमेंट एसोसिएशन की बैठक में चर्चा

# मेडिकल कॉलेज की मांग को लेकर तेज हुई मुहिम



**कटनी, यशभारत।** कटनी में शासकीय मेडिकल व इंजीनियरिंग कॉलेज निर्माण को लेकर आगामी रणनीति व कार्ययोजनाओ को लेकर, कटनी डेवेलपमेंट एसोसिएशन की मीटिंग सम्पन्न कटनी में शासकीय मेडिकल कॉलेज की मुहिम दिन ब दिन मजबूती से जोर पकड़ रही है, एक तरफ तो फेसबुक से निकली समाज सेवी संस्था कटनी डिवेलपमेंट एसोसिएशन ने स्कूलों, कॉलेज के स्टूडेंट्स को पोस्ट कार्ड टू प्रधानमंत्री मुहिम से जोड़कर 25 हजार पोस्ट कार्ड भरवा लिये है वही दूसरी तरफ चौक चौराहों पर स्टाल लगाकर भी कटनी की आम जनता से भी प्रधानमंत्री के नाम पर चिट्ठी लिखकर संदेश बड़ी संख्या में लिखवाये जा रहे है। कटनी डिवेलपमेंट एसोसिएशन द्वारा इस श्रृंखला को और आगे ले जाते हुए, पिछले दिनों कटनी जिले में पहली बार कटनी से लेकर दिल्ली तक के नेताओं की सद्बुद्धि व कटनी में उच्च शिक्षण संस्थानों जैसे मेडिकल व इंजीनियरिंग कॉलेज खोले जाने को लेकर , बड़े स्तर पर सद्बुद्धि यज्ञ का आयोजन भी किया गया। जिसमे कटनी के हर एक दल के बड़े छोटे नेता को मघई मंदिर में यज्ञोपवीत हेतु आमंत्रित भी किया था, पर अधिकतर नेताओं ने इस आयोजन से दूरियां ही बनाई पर अब ये आंदोलन ज़न ज़न का बन चुका सा दिखाई दे रहा है। कटनी की आम जनता से लेकर, सभी दलों के कार्यकताओं का भी इस मुहिम को मौन समर्थन मिल रहा है, दावा तो यह भी है कि पार्टी कार्यकर्ता चाहकर भी पार्टी से बगावत का डर से, कटनी मेडिकल कॉलेज के पक्ष में या आंदोलन के पक्ष में खुल कर सामने नही आ पा रहे। इसके साथ ही कटनी में उच्च शिक्षा से जुड़ी इस मुहिम को और आगे ले जाने व मजबूत करने के उद्देश्य से कटनी डिवेलपमेंट एसोसिएशन की बडी बैठक सम्पन्न हुई जिसमें, बड़ी संख्या में KDA टीम का विस्तार किया गया और सैंकड़ो नए सदस्यों ने टीम केडीए की सदस्यता ग्रहण की गई, कटनी नगरीय सीमाओं से आगे बढ़ते हुए, कटनी जिले के निवार, कैमोर, विजयराघवगढ़ , बहोरीबंद व रीठी क्षेत्र से भी बहुत से सदस्यों ने टीम केडीए की सदस्यता ग्रहण की और सक्रियता से , इस दिशा में कार्य करने की शपथ भी ली। कटनी डिवेलपमेंट एसोसिएशन द्वारा कटनी के दुकानदारों को जागरूक करके, शॉप स्टीकर्स, बाइक वालों के समर्थन लेकर बाइक स्टीकर्स , मोबाइल स्टीकर्स, ऑटो में बैनर, सड़कों पर बैनर व स्टीकर्स के माध्यम से जन जन तक , कटनी शासकीय मेडिकल व इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना की जागरूकता फैलाई जाएगी।। बैठक में कई सदस्यों की उपस्थिति रही, जिसमे शंकर साधवानी ,श्रीमती माधुरी सिंह, प्रेम हेमनानी, कृष्णा सागर,श्रीमती श्वेता रांधेलिया, कैलाश डोडानी, जग्गी आहूजा , रोहित पांडेय, अमर राजपालानी, नीतेश जैन नीतू, अजय देवानी, गुसेश्वर साहू, रोशन फेरवानी, रीतेश सागर, विजय माखीजा, नेशल सोनी, विशाल नागपाल, रितिक जैन, शिवा सिंह चौहान, विक्रम पुरुस्वानी, मोहित सेंधिया, पंकज मीरानी, देवेंद्र ताम्रकार, विकास बत्रा, इकबाल अनवर, मिक्की रोहरा, मनोज कुमार प्यासी, हेमंत जेठानी, मनीष कुमार मौर्य, रेरी टोप्पो, राहुल भदौरिया, अखिलेश गुप्ता अग्रहरि, राकेश पाखरानी, राजेश सिंह, अध्यक्ष सुयश पुरवार एवं सैंकड़ों सदस्यों व तमाम नए सदस्यों की उपस्थिति में मीटिंग सम्पन्न हुई।



# दुर्गा वाहिनी महाकौशल प्रांत की एक दिवसीय बैठक में कई विषयों पर चर्चा



**कटनी, यशभारत।** विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी महाकौशल प्रांत की एक दिवसीय प्रांत बैठक तीन सत्रों में कल कटनी जिले के लक्ष्मी धर्मशाला में संपन्न हुई जिसमें आगामी कार्यक्रम जैसे धर्म रक्षा निधि, दुर्गा वाहिनी परीक्षण वर्ग, गोष्ठी एवं अन्य कार्यक्रमों की वृहद योजना बनी। बैठक में प्रमुख रूप से विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री उमेश मिश्र,मातृशक्ति क्षेत्र संयोजिका सुनीता गर्ग, प्रांत संयोजिका वंदना अवस्थी , प्रांत सत्संग प्रमुख मालती माता, दुर्गा वाहिनी की प्रांत संयोजिका नेहा प्यासी,सभी विभाग एवं जिले की संयोजिका व सह संयोजिका सहित सैकड़ों की संख्या में उपस्थिति रही। बैठक का संचालन विभाग सत्संग प्रमुख पूनम तिवारी ने किया।

सिटी मॉल बरही रोड में
वेलेंटाइन डे के उपलक्ष्य में



ऑडी–1 में रोजाना 3 शो ता. 10 से दोपहर 2.45, 6.15 एवं रात्रि 9.30 बजे से

Be the witness of magic of love again this valentine in 4K 3D

टाइटेनिक-3डी
इंग्लिश वर्जन

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का प्रतिनिधि मंडल मिला प्रभारी मंत्री से



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रतिनिधि मंडल ने गत दिवस प्रभारी मंत्री से की मुलाकात की। इसमें जिला छात्र सम्मेलन के दौरान प्रस्तावों की स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया।

सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार तीसरा सप्ताह
ऑडी–2 में रोजाना 4 शो ता. 10 से
दोपहर 1.15, 4.15, 7.15 एवं रात्रि 10 बजे से



उसे अपने देश को ही धर्म मान लिया या देश की रक्षा को ही अपना धरम
कलाकार- शाहरूख खान, दीपिका पादुकोण, जॉन अब्राहम, आशुतोष राणा आदि।
पठान
अंतिम चार दिन
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402
TICKET RATES
DIAMOND CLASS 300/- PLATINUM CLASS 250/-
GOLD CLASS 200/- SILVER CLASS 150/-

## कार्यालय कलेक्टर (खनिज–शाखा) कटनी, मध्यप्रदेश

E-mail ID :- modgmkat@mp.gov.in

कमांक 3121/खनिज/उ0प0/ 2022, कटनी, दिनांक .30.12.2022

//सूचना//

(म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 –क)

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक मेसर्स/श्री/श्रीमती **मेंसर्स हनुमान मिनरल्स, 184, समता कालोनी रायपुर (छ0ग0)** के द्वारा म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18–क के तहत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक **20.12.2022** को प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत आवेदन पत्र का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है–

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा ( हे0 में) | भूमि का प्रकार निजी/अन्य भूमिस्वामी की सहमति प्राप्त | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| कटनी | ढीमरखेड़ा | खम्हरिया | 31 | 1.620 | अन्य भूमिस्वामी की भूमि | डोलोमाईट, सोपस्टोन | |
| | | | 32 | 1.600 | | | |
| | | | 33 | 2.020 | | | |
| | | | 34 | 0.840 | | | |
| | | | 38 | 7.100 | | | |
| | | | योग– | 13.180 हे0 | | | |

उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो अथवा इस संबंध में कोई अन्य दावा प्रस्तुत करना चाहता है तो इस सूचना के प्रकाशित होने की तारीख से 30 दिवस के भीतर कार्यालय कलेक्टर, (खनिज शाखा) जिला कटनी में आपत्ति का लेख/कारण दर्शाते हुये लिखित रूप से प्रमाण सहित प्रस्तुत करे।

नियत अवधि के उपरांत प्रस्तुत किसी भी आपत्ति/दावे पर विचार नही किया जाएगा।

G-22815/22

प्रभारी अधिकारी
(खनिज शाखा)
जिला–कटनी म.प्र.

# फाइनल में कटनी का आज खिताबी मुकाबला

### दमोह में चल रहे टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट में कटनी के युवाओं ने दिखाया जलवा



कटनी, यशभारत। कटनी की क्रिकेट टीम फाइनल में पहुंच कर आज खिताबी मुकाबला खेलेगी दमोह में यह बड़ा टूर्नामेंट चल रहा है। मौजानंद टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल मैच डेंजर दमोह और एनएस क्लब हटा के बीच खेला गया। इसमें एनएस क्लब 53 रनों से विजयी रही।

डेंजर दमोह ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। जिसमें एनएस क्लब ने निर्धारित 16 ओवर में 144 रन बनाए। सर्वाधिक रन बाजिद ने बनाए उसके चार चौके और दो छक्कों की मदद से 59 रन बनाए। जवाब में उतरी डेंजर दमोह के ओपनर बल्लेबाज ज्यादा देर तक मैदान में नहीं टिक सके और महज बारह रनों के स्कोर चार विकेट खो दिए। इसके बाद संघर्ष करते हुए 91 रनों पर पूरी टीम सिमट गई। इसके पहले फाइनल में जगह बना चुकी कटनी से एनएस क्लब का मैच आज सोमवार को कालेज ग्राउंड में खेला जाएगा। फाइनल मुकाबले को आकर्षण बनाने के लिए बुंदेलखंड के प्रसिद्ध लोक कवि जित्तू खरे मैदान में उपस्थित रहेंगे। फाइनल मुकाबले में विजेता टीम को एक लाख ग्यारह हजार रुपए की राशि एवं उपविजेता टीम को 51 हजार रुपए की राशि के साथ ट्रॉफी दी जाएगी। एवं प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट को एक बाइक आयोजन मंडल द्वारा दी जाएगीं।

यशभारत

यश भारत — सफलता के 16 वर्ष पूर्ण

# सिटी न्यूज

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

कटनी, सोमवार, 13 फरवरी 2023

## नेशनल लोक अदालत में शहरवासियों ने संपत्तिकर व जलकर की बकाया राशि में जमा किए 83 लाख रुपये

### बस स्टैंड ऑडिटोरियम परिसर , खिरहनी, सुभाष चौक, माधव नगर उप कार्यालय में लगी लोक अदालत





**कटनी,यशभारत।** मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग तथा राज्य एव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार एव निगमायुक्त के निर्देशन में नगर पालिक निगम द्वारा लोक अदालत का आयोजन प्रातः 10 बजे से ननि कार्यालय बस स्टैंड ऑडिटोरियम परिसर , दुर्गा चौक खिरहनी, सुभाष चौक, माधव नगर उप कार्यालय में आयोजित की गई। जिसमें विगत वित्तीय वर्ष 2021-22 तक की संपत्तिकर 58 लाख 69 हजार पांच सौ बीस रुपए एवं जलकर की बकाया राशि 25 लाख शहरवासियों ने छूट प्राप्त कर जमा किए। इस दौरान महापौर प्रीति संजीव सूरी ने नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक की उपस्थिति में नगर निगम परिसर में आयोजित नेशनल लोक अदालत में पहुंचकर जायजा लिया। उन्होंने शहर के करदाताओं द्वारा जमा किए गए टैक्स को लेकर धन्यवाद भी ज्ञापित किया। इस दौरान संजय नाकरा राजू शर्मा राजू जैन भी उपास्थित रहे। नेशनल लोक अदालत का मार्गदर्शन उपायुक्त पीके अहिरवार द्वारा किया गया। जिसमें ननि के राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक, अश्वनी पांडे, लवकुश तिवारी, प्रकाश पांडे, दीपक पटेल आदि अधिकारी, कर्मचारियों की सराहनीय भूमिका रही।



## विकास यात्रा: 76 लाख 15 हजार रूपये के भूमिपूजन एवं लोकार्पण

**कटनी,यशभारत।** विधानसभा बड़वारा के ग्राम पथवारी, झरेला, भुड़सा, परसेल, पनसोखर, भजिया में विकास यात्रा निकाली गई। विकास यात्रा के दौरान सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतमए विजेंद्र सिंहए धीरेन्द्र सिंह ने आम जन से संवाद किया।

इस दौरान ग्राम पथवारी में बाउण्ड्रीवाल निर्माण 8.85 लाख रूपयेए शौचालय निर्माण 2.47 लाख रूपयेए झरेला में सीसी रोड निर्माण 4.44 लाख रूपये भुड़सा में बाउण्ड्रीवाल 14.75 लाख रूपयेए परसेल में नाली निर्माण 12 लाख रूपयेए पनसोखर में शौचालय एवं सीसी रोड निर्माण 4.76 लाख, भजिया में जीएसवी कार्य 14 लाख एसीसी रोड 8.13 लाख के भूमिपूजन एवं ग्राम झरेला में डब्ल्यूएसपी निर्माण कार्य 6.65 लाख का रूपये के कार्यो का लोकार्पण हुआ। विकास यात्रा में मुख्यकार्यपालन अधिकारी के.के. पांडेय, नायब तहसीलदार सुनीता मिश्रा सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



## महिला कांग्रेस का हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के लिए सघन जनसम्पर्क

**कटनी,यशभारत।** जिला शहर महिला कांग्रेस द्वारा अध्यक्ष रजनी वर्मा के नेतृत्व में शहर के वार्डो में महिला वार्ड अध्यक्षों की अध्यक्षता में जनसम्पर्क प्रारम्भ किया गया। जिसमें राजीव गांधी वार्ड की अध्यक्ष श्रीमती कल्पना पाठक की अध्यक्षता में राजीव गांधी वार्ड की आंगनबाड़ी क्रमांक 48 में जिलाध्यक्ष रजनी वर्मा द्वारा महिलाओं की मीटिंग ली गई एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। कार्यक्रम के दौरान फाइलेरिया बीमारी से महिलाओं को जागरूक करने के लिए फाइलेरिया की दवा का सेवन कर महिलाओं को उसके फायदे के बारे में जानकारी भी दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश सहसचिव सुमन रजक महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष अदिता वर्मा, वार्ड अध्यक्ष कल्पना पाठक सहित वार्ड की ढेरों महिलायें उपस्थित थी।

## ग्राम पंचायत अतरिया के वार्ड क्रमांक 10 में सुचारू हुई पेयजल आपूर्ति

**कटनी,यशभारत।** उदासीनता के चलते ग्राम पंचायत अतरिया के वार्ड क्र. 10 में पानी की समस्या से जूझ रहे ग्रामीण की जानकारी प्राप्त होने पर कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा मामले को संज्ञान में लेते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ढीमरखेडा को मामले की जाँच कर तत्काल निराकरण के निर्देश दिए गए। निर्देश के अनुपालन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा द्वारा बताया गया की ग्राम पंचायत अतरिया के वार्ड क्रमांक 10 में सचिव ग्राम पंचायत अतरिया द्वारा अपने पत्र 4 फरवरी के माध्यम से वार्ड क्र. 10 की जनसंख्या लगभग 330 का उल्लेख कर वार्ड में 5 हैंडपंप स्थापित होने व चालू स्थिति में बताये गये हैं तथा शिकायतकार्य के घर के सामने स्थापित हैंडपंप भी चालू स्थिति में पाया गया।

## ट्रांसफार्मर से निकलने वाली तारों को किया गया सुव्यवस्थित

**कटनी,यशभारत।** खुले ट्रांसफार्मर से खतराए एक माह में बन्दर और गाय की मौत होने की जानकारी प्राप्त होने पर कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा मामले को संज्ञान में लेते हुए कार्यपालन अभियंता शहर संभाग कटनी को मामले की जाँच कर तत्काल निराकरण के निर्देश दिए गए। निर्देशों के अनुपालन में कार्यपालन अभियंता शहर संभाग कटनी ने तत्काल मामले में पूरी जानकारी लेते हुए तत्संबंध में कनिष्ठ अभियंता को सुधार करने हेतु आदेशित किया गया। जिसके उपरांत उक्त ट्रांसफार्मर से निकलने वाली तारों को सुव्यवस्थित कर दिया गया है, जिससे किसी जानवर की उक्त ट्रांसफार्मर से दुर्घटना न हो।

## विज्ञान एवं पर्यावरण प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने रखे मॉडल



**कटनी,यशभारत।** स्तरीय विज्ञान एगणित एवं पर्यावरण प्रदर्शनी प्रतियोगिता जिला शिक्षा केंद्र द्वारा शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधव नगर में आयोजित की गई। इस प्रदर्शनी का शुभारंभ जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिशिर गेमावत ने किया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी पी पी सिंह, जिला परियोजना समन्वयक के के डेहरिया सहित छात्र -छात्रायें और शिक्षकों की उपस्थिति रही।





## ग्राम गोरा के शासकीय माध्यमिक विद्यालय की व्यवस्थाओं से संतुष्ट हुए कलेक्टर, सराहना की

**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद ने शनिवार को तहसील ढ़ीमरखेड स्थित ग्राम गोरा के शासकीय माध्यमिक विद्यालय का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक महेंद्र सिंह ठाकुर एवं उनके स्टाफ के द्वारा विद्यालय में की गई व्यवस्थाओं, विद्यालय की साज.सज्जा का निरीक्षण कियाए विद्यालय में हरे-भरे एवं फूलों के पौधों को देखकर कलेक्टर ने प्रसन्न व्यक्त की। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर अवि प्रसाद ने सुरक्षा की दृष्टि से विद्यालय के जर्जर भवन को डिस्मेंटल करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान विद्यालय के बच्चों से संवाद कर उनके अध्ययन अध्यापन का हाल-चाल भी जानते हुए मन लगाकर पढाई करने के लिए प्रोत्साहित भी किया मिलने वाले मध्यान भोजन के संबंध में भी चर्चा की भ्रमण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिशिर गेमावत भी उपस्थित थे। विद्यालय में संगीत कक्ष के निरीक्षण के दौरन प्रधानाध्यापक ने बताया कि यहां बच्चों को संगीत की शिक्षा भी दी जाती है। प्रधानाध्यापक के प्रयासों को देखकर कलेक्टर श्री प्रसाद ने प्रसन्नता व्यक्त की। इस दौरान कलेक्टर श्री प्रसाद ने ग्राम पंचायत अतरसुमा स्थित हल्का नर्सरी पंचवन का भ्रमण कर नर्सरी में लगाए जा रहे पौधेए उनके सिंचाई की व्यवस्था, जल प्रबंधन, समीप में प्रवाहित हो रही लभेर नदी एवं नर्सरी में बनाए जा रहे गेस्ट हाउस का निरीक्षण किया। नर्सरी में कराए गए अच्छे कार्यो एवं कुशल प्रबंधन के लिए ग्राम के सरपंच एवं सचिव की सराहना करते हुए उन्हें पुरस्कृत करने के निर्देश दिए। नर्सरी निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कटनी शिशिर गेमावत उपस्थित थे। ग्राम वासियों द्वारा कलेक्टर श्री प्रसाद को ग्राम की समस्याओं से अवगत कराये जाने पर कलेक्टर श्री प्रसाद ने तत्काल निराकृत करने के निर्देश दिए।

## पूर्ण वरिष्ठता हेतु शासकीय शिक्षक संगठन ने वित्त मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**कटन,यशभारत।** शिक्षाकर्मी, गुरूजी और संविदा शिक्षक के पद पर नियुक्ति होकर अध्यापक बने संवर्ग की समस्याएं आये दिन जटिल होती जा रही हैं। राज्यशिक्षासेवा में नियुक्ति से तो इस संवर्ग की 20 वर्ष तक की वरिष्ठता ही समाप्त हो गई। और इसके लिए यह संवर्ग सदैव आंदोलित होता रहा है।संगठन के जिला महामंत्री अरुण सिंह परिहार ने बताया कि शासकीय शिक्षक संगठन मध्यप्रदेश इस समय भाजपा की विकास यात्रा के दौरान पूरे प्रदेश में भाजपा के विधायक एवं मंत्रियों से मुलाकात कर अपनी पूर्ण वरिष्ठता की मांग को उठा रहा है। इसी तारतम्य में राज्यशिक्षा सेवा में नियुक्त अध्यापक संवर्ग की सेवावधि की गणना उनके प्रथम नियुक्ति दिनांक शिक्षाकर्मी, गुरूजी, संविदा शिक्षक के पद पर नियुक्ति का दिनाँकद्ध से करते हुए समस्त स्वत्वों हेतु वरिष्ठता मान्य किये जाने की एकसूत्रीय मांग को लेकर शासकीय शिक्षक संगठन के प्रांताध्यक्ष राकेश दुबे ने वित्त मंत्री मध्यप्रदेश शासन जगदीश देवड़ा को ज्ञापन सौंपकर विस्तृत चर्चा की। चर्चा के दौरान वित्त मंत्री महोदय ने बताया कि यह मांग पूर्णतः उचित है और मैं इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों से और चर्चा करूंगा। वित्त मंत्री ने कहा कि इसके निराकरण के लिए वित्त विभाग से कोई दिक्कत नहीं आएगी। उक्त अवसर पर संगठन के संयोजक देवेंद्र तिवारी भी उपस्थित रहे।

सस्ती सुंदर 125/- में सिंगल बेड
पता- होटल गणपति प्लाजा
लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास वाली गली कमानियागेट कटनी,
मो. नं. 7389565610
(एसी रूम उपलब्ध है)




Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners

From 03rd February 2022

Cineworldz Cinema Katni by CMW
Schedule for the week 03 to 09 Feb,2023

| Audi-01 | Show | Rate |
|---|---|---|
| PATHAAN 2D HINDI | 1.00.00 PM | 120-140-160-250 |
| PATHAAN 2D HINDI | 4.00.00 PM | 120-140-160-250 |
| PATHAAN 2D HINDI | 7.00.00 PM | 120-140-160-250 |
| PATHAAN 2D HINDI | 10.00.00 PM | 150-180-200-300 |
| Audi-02 | Show | |
| PATHAAN 2D HINDI | 12.00.00 PM | 120-140-160-250 |
| PATHAAN 2D HINDI | 3.00.00 PM | 120-140-160-250 |
| PATHAAN 2D HINDI | 6.00.00 PM | 120-140-160-250 |
| PATHAAN 2D HINDI | 9.00.00 PM | 150-180-200-300 |
| Audi-03 | Show | |
| PATHAAN 2D HINDI | 12.30.00 PM | 120-150-150 |
| PATHAAN 2D HINDI | 3.30.00 PM | 120-150-150 |
| PATHAAN 2D HINDI | 6.30.00 PM | 120-150-150 |
| PATHAAN 2D HINDI | 9.30.00 PM | 140-180-180 |

CINEWORLDZ CINEMA KATNI by CMW
Mittal MALL
Paytm
bookmyshow

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830



# शराब पीने के लिए प्रेरित करने वाले पोस्टर हटाने की कार्रवाई

**भोपाल यशभारत।** मध्य प्रदेश की शराब दुकानों से शराब पीने के लिए प्रेरित करने वाले पोस्टर हटाए जाएंगे। भोपाल से इसकी शुरुआत हो चुकी है। आबकारी आयुक्त ओपी श्रीवास्तव ने इसके निर्देश दिए हैं। कलेक्टर द्वारा आबकारी अमले को निर्देशित कर इस तरह के पोस्टर हटाने की कार्रवाई की जा रही है। प्रदेश के अन्य जिलों में भी इस तरह की कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।प्रत्येक शराब दुकान के सामने लाइसेंस की प्रकृति जिसके अंतर्गत विक्रय संचालित किया जाता है, लाइसेंसधारी का नाम और विदेशी शराब को छोड़कर वर्तमान चालू दर या बिक्री दरें, प्रदर्शित करते हुए हिंदी में लिखा सूचना फलक लगाया जाएगा। शराब दुकान में शराब पीने के लिए प्रेरित करने वाले विज्ञापन नहीं लगाए जाएंगे।

**एक अप्रैल को लागू होगी मध्य प्रदेश की नई शराब नीति, कैबिनेट में रखा जाएगा प्रस्ताव**

### लाभ-हानि पर हो रहा है मंथन

एक अप्रैल 2023 से नई आबकारी नीति लागू होगी, लेकिन राज्य सरकार इसे लागू करने से पहले लाभ और हानि पर मंथन कर रही है। मुख्यमंत्री ने आबकारी विभाग के अधिकारियों को नई आबकारी नीति में ऐसी बिंदुओं की बारीकी से जांच करने के निर्देश दिए हैं, जिससे न तो राजस्व प्रभावित हो और न ही सरकार की छवि पर बुरा प्रभाव पड़े। अगली कैबिनेट बैठक में नई आबकारी नीति प्रस्तुत की जानी है।ऐसे में प्रदेशभर की शराब दुकानों की स्थिति, स्कूल, कालेज, मंदिर आदि से शराब दुकान की दूरी देखी जा रही है और यह निर्धारित किया जाएगा कि इन स्थलों से शराब दुकान की दूरी कितनी निर्धारित की जाए। वर्तमान में ऐसे स्थलों से शराब दुकान की 50 मीटर दूरी निर्धारित है। दस से 15 प्रतिशत लाइसेंस शुल्क बढ़ाने पर भी विचार किया जा रहा है।

### दुकानें बंद करने का दबाव

धर्मस्थलों, स्कूल-छात्रावास के नजदीक 108 शराब दुकानें हैं। जनप्रतिनिधियों द्वारा इन दुकानों को बंद करने का दबाव है और शराब दुकानों को 250 से 500 मीटर दूरी पर आवंटित करने का भी दबाव बनाया जा रहा है, जिसके चलते आबकारी नीति को अंतिम रूप नहीं दिया जा सका है।

### इनका कहना है

"शराब दुकानों पर शराब पीने के लिए प्रेरित करने वाले विज्ञापन नहीं लगाए जा सकते हैं। प्रदेशभर की शराब दुकानों से ऐसे विज्ञापन हटाने की कार्रवाई कराई जा रही है। नई शराब नीति में कुछ बिंदुओं पर पुनः विचार किया जा रहा है।

**ओपी श्रीवास्तव, आबकारी आयुक्त मप्र**

# नई शराब नीति शिवराज की बड़ी परीक्षा :उमा भारती

**मध्यप्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती शराबबंदी की अपनी मुहिम को आक्रामक अंदाज में आगे बढ़ा रही हैं। नई आबकारी नीति 31 जनवरी तक आनी थी, लेकिन अब तक नहीं आई है। सरकार भी उमा भारती के रुख को देखकर सधे हुए कदमों से आगे बढ़ रही है। एक दिन पहले आबकारी नीति अटकने की वजह होने से इनकार करने वाली उमा भारती ने रविवार को भी जमकर हमले बोले। इस बार उनके निशाने पर शराब माफिया था और उसका डर्टी ट्रिक्स डिपार्टमेंट।**



उन्होंने कहा कि मैं व्यग्रता से नई शराब (आबकारी) नीति की प्रतीक्षा कर रही हूं। तब तक डर्टी ट्रिक्स डिपार्टमेंट मेरे ऊपर खूब पत्थरबाज़ी करवा रहा है ताकि बात की धार कम की जा सके। मैं तो मध्यप्रदेश को शराब में बहने से बचाने के लिए कुछ भी झेल लूंगी। शराब माफिया कितना ताकतवर है, इसका अंदाज लगाते रहिए।उमा भारती ने कहा कि मेरे दिए संशोधनों (परामर्श) से बहुत कम राजस्व की हानि होगी, तो उसकी जगह शराब पीने के दुष्परिणाम हिंसा, हत्या, झगड़ा, छेड़खानी, दुष्कर्म जरा इनके बारे में सोचिए। शराब वितरण के नियंत्रण से पूरे राजस्व की हानि की कई गुना ज्यादा वसूली हो सकती है। मध्यप्रदेश रेतीली नदियों का राज्य है। वैज्ञानिक तरीके से किए गए रेत खनन को वैध कर दीजिए और कठोरता से अवैध रेत खनन को रोकने की हिम्मत जुटाइये।उमा भारती ने कहा कि आपको याद होगा कि लगभग दो साल पहले मैंने शिवराज जी की निजी जीवन की अच्छाइयों का वर्णन करते हुए एक लेख लिखा था। मैं आज भी उस पर कायम हूं। आश्चर्य यही है कि शिवराज जी अपने निजी जीवन की अच्छाइयों को अपनी योजनाओं द्वारा धरातल पर क्यों नहीं ला पा रहे हैं। शीघ्र ही घोषित होने वाली नई शराब नीति शिवराज जी की सबसे बड़ी परीक्षा है।

**नई नीति में बंद हो सकते हैं अहाते**

मध्यप्रदेश सरकार की आबकारी नीति पर उमा भारती का असर साफ दिख रहा है। नीति के मसौदे को लेकर जो खबरें आई हैं, उनके मुताबिक अहाते बंद हो सकते हैं। अगर चलते हैं तो समय शाम पांच से रात 11 बजे तक ही खुले रहेंगे। देसी शराब के दाम एक से दो रुपये बढ़ सकते हैं। पिछले साल 23 जनवरी को शराब नीति आ गई थी, लेकिन इस साल उमा भारती के रुख की वजह से 12 फरवरी तक भी नीति नहीं आई है। शराब दुकानों को धार्मिक स्थलों और स्कूलों के 500 मीटर के दायरे से बाहर रखने का प्रस्ताव है, जिसका असर करीब डेढ़ हजार दुकानों पर पड़ेगा। ड्राफ्ट के मुताबिक लाइसेंस फीस 10 प्रतिशत बढ़ाकर ठेका रिन्यू करने का प्रस्ताव है। नई शराब नीति एक अप्रैल 2023 से लागू होगी।

## गोवंश की इम्युनिटी बढ़ाने मैथी, अजवाइन और सोंठ के लड्डू मंगाए, 5 दिन में 5 क्विंटल खिलाए

भोपाल ,ईएमएस। राजधानी की सड़कों पर घूमने वाले आवारा गोवंश को इन दिनों कुछ पशुप्रेमी पौष्टिक लड्डू खिलाते नजर आ रहे हैं। यह लड्डू मैथी, अजवाइन, सोंठ, आमी हल्दी, खोपरा और सरसों के तेल समेत अन्य औषधीय पाउडर को गुड़ और चुनी में मिलाकर तैयार किए गए हैं। इसका फायदा ये है कि गाय इनको खाकर न सिर्फ सर्दी से बचेगी, बल्कि रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ेगी। ये जिम्मा पशुप्रेमी प्रमांशु रंजन शुक्ला, निधि वर्मा और मनीषा मालवीय समेत अन्य ने उठाया है। पशुप्रेमियों द्वारा मंगाए । क्विंटल लड्डुओं में से पिछले पांच दिनों में 5 क्विंटल पौष्टिक लड्डू गोवंश को खिलाए गए हैं ।गायों को खिलाए जा रहे इन पौष्टिक लड्डुओं को अशोक नगर निवासी गो सेवक सोनू जैन के प्रयासों से बनवाए गए हैं। सोनू तीन साल से तमाम धर्मों के लोगों को साथ लेका यह कार्य कर रहे हैं। लड्डू बनाने के लिए सभी धर्मों के लोग सामग्री तो कुछ पैसा दान के तौर पर देते हैं। इस पैसे से बनाए गए लड्डू सोनू अलग-अलग शहरों के गो सेवकों को उपलब्ध कराते हैं। ताकि, गायों को यह सर्दी में खिलाए जा सकें ।पशुप्रेमी प्रमांशु ने बताया कि मुफ्त 7 क्विंटल से ज्यादा लड्डू आए हैं। 10 से ज्यादा पशु प्रेमियों की मदद से जहांगीराबाद स्थित आसरा पशु आश्रय स्थल में कमजोर और बीमार पशुओं के साथ स?कों और कांजी हाउस में रखे जा रहे गोवंश को यह लड्डू खिलाएं जा रहे हैं।



# सीएम की नाराजगी के बाद सहायक पुलिस आयुक्त पराग खरे निलंबित

## व्यवसायी को धमकाने का वीडियो हुआ था वायरल

**भोपाल यशभारत।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश पर भोपाल के सहायक पुलिस आयुक्त पराग खरे को निलंबित कर दिया गया है। खरे का कुछ दिनों पहले व्यवसायी को धमकाने का वीडियो वायरल हुआ था। इसे लेकर सीएम ने नाराजगी जताई थी। रविवार को गृह विभाग ने खरे के निलंबन का आदेश जारी कर दिया। मुख्यमंत्री चौहान ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। गृह विभाग ने प्रारंभिक जांच के बाद खरे को निलंबित कर पुलिस मुख्यालय में अटैच कर दिया। बता दें, आठ फरवरी को भोपाल के मुख्य रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म के सामने बृजवासी भोजनालय के संचालक अंकित वाजपेयी को धमकाते हुए सहायक पुलिस आयुक्त पराग खरे का वीडियो वायरल हुआ था। इसमें वर्दी में खरे चार सहयोगी पुलिसकर्मियों के साथ अंकित को किराए को लेकर धमकाते हुए नजर आ रहे हैं। अंकित ने दो साल पहले सोहराब और शोएब से किराए पर भोजनालय के लिए जगह ली थी। इनके बीच दो साल से किराए को लेकर विवाद चल रहा था। आठ फरवरी को पराग खरे भोजनालय पहुंचे और अंकित को धमकाते हुए कहा कि उन्होंने 15 लाख रुपये में उक्त मकान खरीद लिया है और अब वे नए मकान मालिक हैं, किराया देना पड़ेगा। वीडियो वायरल होने के बाद मुख्यमंत्री ने नाराजगी जताते हुए कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। प्रारंभिक जांच में शिकायत सही पाई गई और पराग खरे के आचरण को मध्य प्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम का उल्लंघन पाए जाने पर रविवार को गृह विभाग ने निलंबित कर दिया।



## उप पुलिस अधीक्षक योगेश कुरचानिया निलंबित

भोपाल, यशभारत। विदिशा जिले में फर्जी लोकायुक्त टीम केस में उप पुलिस अधीक्षक योगेश कुरचानिया को निलंबित कर दिया गया है। गंज बसौदा में दर्ज एफआईआर के बाद ये कार्रवाई की गई है। रविवार को इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं। आदेश में लिखा है कि 10 फरवरी को बासौदा देहात थाना जिला विदिशा में फरियादी हरिओम भावसार की ओर से पंजीबद्ध अपराध में योगेश कुरचानिया (कार्यवाहक उप पुलिस अधीक्षक) की संलिप्तता पाई गई है। अतः योगेश कुरचानिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन काल में इनका मुख्यालय पुलिस मुख्यालय भोपाल निर्धारित किया जाता है। बता दें कि नागरिक बैंक गंजबासौदा के प्रबंधक हरिओम भावसार ने शिकायत की थी कि शनिवार शाम के समय बैंक बंद कर वे अपने घर पहुंचे ही थे कि एक शख्स उनके पास आया और कहने लगा कि साहब कार में बैठे हैं। आपसे चर्चा करना चाहते हैं।

# देश में पहली बार :प्रदेश के 40 गिद्धों में लगा रहे सैटेलाइट ट्रांसमिशन डिवाइस

**भोपाल,ईएमएस।** देश में पहली बार मप्र के 40 गिद्धों पर पहली बार रखी जाएगी सैटेलाइट से नजर रखी जाएगी। ताकि उनके हर मूवमेंट की जानकारी लग सके। इन गिद्धों के अध्ययन के बाद अगले चरण में वन विहार के अंतर्गत आने वाले केरवा गिद्ध प्रजनन केंद्र में जन्में 75 गिद्धों को छोड़ा जाएगा। इन्हें छतरपुर में छोड़ा जाएगा। इससे पहले गिद्धों को पकड़कर उन्हें सैटेलाइट ट्रांसमिशन डिवाइस लगाई जाएगी। इसके लिए केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय इसके लिए काम करने वाली संस्था बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसायटी (बीएनएचएस) को अनुमति दे दी है। वन विहार के गिद्ध ब्रीडिंग सेंटर में ब्रीडिंग से तैयार हुए लुप्त हो रहे लॉन्ग विल्ड वल्चर और व्हाइट बेक्ड गिद्ध प्राकृतिक रूप से अपना जीवन बिताने के लिए खुले में छोड़ा जाएगा। पन्ना नेशनल पार्क में गिद्धों के मूवमेंट पर रेडियो ट्रांसमिशन से नजर रखी जा रही है। कई रेडियो ट्रांसमिशन खराब हो गए तो कुछ ने सिग्नल नहीं दिए। रेडियो ट्रांसमिशन में आ रही समस्याओं को लेकर बीएनएचएस के वैज्ञानिकों ने निर्णय लिया है कि वन विहार गिद्ध सेंटर में जन्में गिद्धों को खुले में छोड़ने के पहले छतरपुर से लुप्त प्रजाति के गिद्धों को पक?कर उन पर सैटेलाइट ट्रांसमिशन लगाकर अध्ययन किया जाए।

**हर मूवमेंट की रहेगी जानकारी**

### डीएनए टेस्ट के लिए गिद्ध प्रजनन केंद्र से भेजा सैंपल

बीएनएचएस के अधिकारियों ने बताया कि गिद्ध के जन्म के बाद उसका डीएनए टेस्ट होता है। चूंकि ब्रीडिंग के वक्त इस बात का विशेष ख्याल रखा जाता है कि आपस में संबंध बनाने वाले गिद्ध कहीं भाई-बहन तो नहीं।बीएचएनएस ने 2016-2017 में वन विभाग और गिद्ध प्रजनन केन्द्रों की टीम ने मप्र, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल, चंडीगढ़ में सर्वे किया था। इसमें सामने आया कि इंटौक्सिक दवाओं का उपयोग हो रहा है। जिससे गिद्ध की किडनियां खराब हुई थीं।



# खेलमंत्री ने खेलो इंडिया में शानदार प्रदर्शन के लिए बाक्सिंग टीम को सराहा

## मप्र के बाक्सरों ने दो रजत चार रजत व सात कांस्य सहित कुल 13 पदक जीते।

**भोपाल,यशभारत।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स में शाानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों की खेलमंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने सराहना की है, रविवार को उन्होंने स्टेडियम पहुंचकर अधिकारियों और प्रशिक्षकों के साथ बैठक ली। पदक विजेता खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर खुशी प्रदर्शित की। उन्होंने बाक्सिंग अकादमी के मुख्य कोच रोशनलाल और पदक जीतने वाले सभी खिलाडियों से मुलाकात की और कहा कि आगे भी आप सभी ऐसी ही प्रदेश और देश का नाम रोशन करो, उल्लेखनीय है कि मप्र के बाक्सरों ने खेलो इंडिया में दो रजत चार रजत व सात कांस्य सहित कुल 13 पदक जीतकर प्रदेश को पदक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंचने में मदद की है।मप्र बाक्सिंग अकादमी के मुख्य कोच रोशनलाल अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन से खासे खुश नजर आ रहे है, उन्होंने कहा कि हमारे खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर अपने वादा को पूरा किया है। 20 में से 13 खिलाड़ियों ने पदक जीता है, यह बाक्सिंग अकादमी का खेलो इंडिया में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। रोशनलाल ने बताया कि खेलमंत्री यशोधरा राजे सिंधिया के मार्गदर्शन में मप्र की खेल अकादमियां सचालित हो रही है, जिसमें खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण मिल रहा है, बेहतर खेल उपकरण के साथ ही भरपूर डाइट मिल रही है। इसलिए हम खेलो इंडिया व अन्य खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने में सफल हो रहे है। खेल संचालक रवि कुमार गुप्ता भी पूरे समय खिलाडियों के हित के बारे में सोचते और मदद करते है।

## चेतक ब्रिज के पास ट्रेन से गिरने से युवक की मौत, जीजा को गिरता देख साला भी कूदा

**भोपाल, यशभारत।** गोविंदपुरा के चेतक ब्रिज के पास शनिवार शाम एक युवक की चलती ट्रेन से गिरने से मौत हो गई। ट्रेन रफ्तार में होने के कारण वह बुरी तरह से घायल हो गया था। पुलिस को करीब एक किलोमीटर के दायरे से शव के टुक? उठाने प?। जीजा को ट्रेन से गिरता देख उसके साला भी कूद गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।गोविंदपुरा थाने के एएसआइ वासुदेव सविता ने बताया कि राजकुमार शर्मा (40) मूलतः भिंड का रहने वाला था।

# स्टाप डेम की पाल के दोनों ओर गाड़ियां लगाकर बाघिन-शावकों को घेरा और पर्यटकों को कराया दीदार



**भोपाल,यशभारत।** बाघ-तेंदुओं के शिकार की घटनाओं को लेकर इन दिनों पन्ना टाइगर रिजर्व चर्चा में है। पिछले दो माह में पार्क एवं आसपास तीन बाघ और दो तेंदुओं का शिकार हुआ है। अब पार्क से एक और वीडियो इंटरनेट मीडिया पर सामने आया है, जिसमें जिप्सी चालक और गाइड पर्यटकों के लिए केन नदी पर बने स्टाप डेम की पाल (पुलिया) पर बाघिन और उसके चार माह के चार शावकों को घेर लेते हैं।इसके लिए वे पाल के दोनों ओर जिप्सी लगा देते हैं और तीसरी ओर पानी भरा है। बाघिन पहले तो जिप्सी के बगल से निकलने की कोशिश करती है फिर वापस लौटती है।

करीब पांच मिनट तक यही खेल चला, फिर जिप्सी थोड़ी आगे बढ़ाकर बाघिन को निकलने की जगह दी गई। सूचना के अधिकार कार्यकर्ता अजय दुबे ने मामले की शिकायत राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) और प्रदेश के मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक से की है।

घटना चार दिन पुरानी बताई जा रही है। पार्क की मडला बीट में केन नदी की किनारे से बाघिन और उसके चार शावक आते दिखाई दिए, तो पर्यटकों से भरी सात जिप्सी दोनों ओर लगाकर पाल को घेर लिया गया। बाघिन नदी से पाल पर चढ़ी, जिप्सी के बगल से निकलने की कोशिश भी की पर भीड़ देखकर शावकों के पास लौट गई।बाघिन पाल पर घूमती रही और शावक सहमे से खड़े रहे। इस बीच पर्यटक फोटो खींचते और वीडियो बनाते रहे। करीब पांच मिनट बाद पाल के एक ओर से जिप्सी आगे बढ़ाकर बाघिन को निकलने की जगह दी गई। अजय दुबे ने अपनी शिकायत में कहा है कि इस घटना को गंभीरता से लेना चाहिए। इस मामले में जिम्मेदारों पर अब तक कोई कार्रवाई भी नहीं हुई है। इससे पहले इसी पार्क से एक ओर वीडियो सामने आया था, जिसमें एक वनरक्षक बाघ के पीछे रास्ते पर दौड़ लगा रहा है। दुबे का कहना है कि यह वन्यप्राणी नियमों के खिलाफ है। नियम तो यह कहता है कि बाघ-बाघिन से करीब 50 फीट दूरी होना चाहिए। शोर न हो और उसे घेरने की कोशिश तो बिलकुल भी न की जाए। वहीं शावक साथ होने की स्थिति में बाघिन से दूरी होनी चाहिए। शावकों की सुरक्षा के लिए वह हमला भी कर सकती है। दुबे कहते हैं कि जिस तरह से बाघिन को घेरा था, वह हमला कर देती, तो बड़ी घटना हो सकती थी। बता दें कि ऐसे ही घटनाक्रम के चलते वर्ष 2008 में इस पार्क से बाघ समाप्त हो गए थे।

# भोपाल की 320 अनाधिकृत कॉलोनियां होंगी वैध

**भोपाल, यशभारत।** राजधानी में विकास यात्रा जारी है। इस दौरान कई सौगातें भी शहरवासियों को मिल रही हैं। रविवार को यात्रा के दौरान भोपाल के प्रभारी मंत्री भूपेंद्र सिंह ने बड़ी घोषणा की, उन्होंने कहा है कि भोपाल की 320 अनाधिकृत कॉलोनी वैध की जाएंगी। साथ ही उत्तर विधानसभा क्षेत्र में सात करोड़ के विकास कार्यों की सौगात भी दी गई। बता दें कि रविवार को नगरीय विकास एवं आवास मंत्री तथा भोपाल जिला प्रभारी भूपेन्द्र सिंह ने उत्तर विधानसभा क्षेत्र में वार्ड-14 में इंदिरा नगर स्थित शिव मंदिर में पूजा-अर्चना कर विकास यात्रा शुरू की। सिंह ने विभिन्न वार्डों में घूम कर नागरिकों से भेंट की। उन्होंने टीलाजमालपुरा में हुई सभा में वार्ड 8,9,11,13,15 एवं 21 के लिये 4 करो? 35 लाख रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। साथ ही 2 करोड़ 78 लाख रुपये के विभिन्न नवीन विकास कार्यों की स्वीकृति दी। सिंह ने कन्या-पूजन भी किया। मंत्री सिंह ने कहा कि भोपाल की 320 अनाधिकृत कॉलोनियों को वैध करने की प्रक्रिया जारी है। यहां के रहवासियों को अब बैंक लोन सहित सभी सुविधाएं मिल सकेंगी। सिंह ने कहा कि विकास यात्रा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का अभिनव प्रयोग है। यात्रा के माध्यम से नागरिकों को जहां जन-कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है, वहीं हितग्राही मूलक योजनाओं से लाभान्वित भी किया जा रहा है। साथ ही विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन भी किया जा रहा है। नगरीय विकास मंत्री सिंह ने कहा कि आज एक साथ 7 हजार से अधिक हितग्राही विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं।

**उत्तर क्षेत्र को सात करोड़ के विकास कार्यों की सौगात**

# राजधानी में तीसरे ठग गिरोह की दस्तक

## बातों में उलझाकर अब मोबाइल कर रहे गायब

**भोपाल, यश भारत।** राजधानी में शातिर ठगों के गिरोह लगातार वारदात को अंजाम दे रहे हैं। जीन महीने में 12 से ज्यादा ठगी की वारदात की जा चुकी है। ठगों ने वारदात में अलग - अलग तरीके का उपयोग कर वृद्ध महिलाओं के निशाना बनाकर से उनके जेवरत और मोबाइल हड़पे। पुलिस ने उस गिरोह को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया था, कुछ दिन वारदात रूकी, बाद में जेवर चमकाने का झांसा देकर जेवरात को गायब करने वालों ने महिलाओं को निशाना शुरू किया। बाद में पुलिस ने दिल्ली और बाहर से दोनों गिरफ्तार कर लिया,लेकिन अब तीसरे और नए तरीके से ठगी करने वाला गिरोह से पुलिस फिर से ठगी की वारदात शुरू हो गई है।यह गिरोह छात्रों को निशाना बनाकर उसने मोबाइल बदलकर वारदात कर रहे हैं। ऐसे तीन मामले सामने आ चुके हैं।पुलिस को आंशका है कि यह गिरोह यूपी का है।




जहांगीराबाद पुलिस के मुताबिक एक्सटॉल चौराहे के पास बरखड़ी में रहने वाला बिट्टू सिंह (19) बीटेक का छात्र है। शनिवार 11 फरवरी की दोपहर करीब 12 बजे वह किताब खरीदने चरक अस्पताल के पास जहांगीराबाद की ओर जा रहा था। कॉलेज के पास उसे एक लड़का मिला। उसने कहा कि में बाहर का रहने वाला हूं। मेरा मोबाइल बंद हो गया है। मुझे एक जरूरी फोन करना है। इसलिए दो मिनट के लिए अपना मोबाइल दे दो। बिट्टू सिंह उसकी बातों में आ गया और अपना मोबाइल उसे दे दिया। मोबाइल पर बात करने के बहाने उसने बिट्टू के मोबाइल पर पाउचनुमा कवर चढ़ा दिया और कहा कि मैं मोबाइल कवर बेचने का काम करता हूं। आपके मोबाइल पर यह कवर अच्छा लग रहा है। इधर-उधर की बातों में उलझाकर अज्ञात लड़के ने बिट्टू का मोबाइल अपनी जेब में रख लिया और कहा कि कवर के साथ मोबाइल जेब में आसानी से रखा जा सकता है। तभी अचानक मोटरसाइकिल पर एक और अज्ञात लड़का वहां आ गया और उसने पहले वाले लड़के को जल्दी से गाड़ी पर बैठने को कहा। जैसे ही दो आरोपी मोटरसाइकिल पर बैठे, उसी समय फरियादी बिट्टू ने कहा कि मेरा मोबाइल तो दे दो। उस लड़के ने फौरन जेब से कवर चढ़ा मोबाइल उसे थमा दिया और दोनों अज्ञात आरोपित निकले। बाद में बिट्टू ने मोबाइल देखा तो वह कांच को टुकड़ा था, उस पर केस दर्ज कर लिया गया है। दो दिन पहले हनुमानगंज इलाके में भी बिल्कुल इसी तरह से वारदात हुई थी। इस गिरोह से अब बचने की जरूरत है। वृद्ध महिलाओं का शिकार बनाने वाले गिरोह की महिला मीना और उसके साथियों को दिल्ली से गिरफ्तार किया जा चुका है।

# आप का प्रदर्शन, पुलिस से झड़प,जेल भेजे गए आप नेता और कार्यकर्ता

**भोपाल , यशभारत।** भोपाल में आम आदमी पार्टी ने रविवार को गौतम अदाणी के संबंध में आई हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के मुद्दे पर प्रदर्शन किया। इस दौरान आप कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ तीखी झड़प भी हुई। इस वजह से कई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार भी किया गया। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने देश भर में प्रदर्शन की अपील की थी। इसे देखते हुए भोपाल में आप नेता पंकज सिंह, सिंगरौली की महापौर रानी अग्रवाल समेत अन्य नेताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला। उन्होंने भाजपा के प्रदेश मुख्यालय के पास ही प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उद्योगपति गौतम अदाणी के खिलाफ प्रदर्शन किया। साथ ही सरकार और पुलिस-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।आप कार्यकर्ताओं के तेवरों को देखते हुए पुलिस ने उन्हें खदेड़ दिया। इसे लेकर पुलिस और आप नेताओं में झड़प भी हुई। बाद में कुछ नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। आप नेता पंकज सिंह और सिंगरौली की महापौर रानी अग्रवाल ने अदाणी समूह के खिलाफ वित्तीय धोखाधड़ी के आरोपों को देश का सबसे बड़ा घोटाला बताया।

# 3 बच्चे कटनी रिफर, 19 का इलाज जारी

## फाइलेरिया की दवा लेने के बाद बीमार हो गए थे दो दर्जन बच्चे





## ढीमरखेड़ा के सनकुई में 7 और बच्चों में मीजल्स की पुष्टि

**कटनी, यशभारत। जिले में फाइलेरिया के विरुद्ध बड़े पैमाने पर अभियान चलाया जा रहा। जांच में फाइलेरिया के 240 रोगी मिलने के बाद कलेक्टर के निर्देश पर अभियान तेज कर दिया गया है। प्रशासन की मंशा के अनुसार शत-प्रतिशत लोगों को फाइलेरिया की खुराक दिए जाने का लक्ष्य है। इस अभियान की शुरुआत जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा की मौजूदगी में फारेस्टर खेल मैदान में आयोजित एक बड़े कार्यक्रम से की गई थी जिसमें पांच हजार से अधिक लोगों ने एक साथ दवा का सेवन किया था। जिला मुख्यालय से शुरुआत के बाद अब आंगनबाड़ी और आशा स्वास्थ्य कार्यकर्त्ताओं के माध्यम से घर-घर पहुंच कर लोगों को फाइलेरिया की दवा वितरित की जा रही।**

बताया गया कि बीते 11 फरवरी को विजयराघवगढ़ जनपद क्षेत्र की अनेक शासकीय शालाओं में बच्चों को हाथीपांव फाइलेरिया की दवा खिलाई गई थी। दवा खाने के बाद कुछ बच्चों की तबियत बिगड़ गई। रमना, घुनौर एवं रजरवारा ग्राम के लगभग दो दर्जन बच्चों को जी मिचलाने, चक्कर आने और उल्टी की शिकायत पर विजयराघवगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। इनमें से कुछ बच्चों की तबियत ज्यादा ही खराब लगी। ऐसे बच्चों को जिला चिकित्सालय कटनी रिफर कर दिया गया। आज भी 5 बच्चों को जिला चिकित्सालय लाये जाने की खबर है जबकि लगभग डेढ़ दर्जन बच्चों का विजयराघवगढ़ स्वास्थ्य केंद्र में ही उपचार किया जा रहा। विजयराघवगढ़ के बीएमओ डॉ विनोद कुमार के अनुसार सभी बच्चे स्वास्थ्य हैं। अधिकांश की आज ही छुट्टी भी कर दी जाएगी। कटनी रिफर किये गए बच्चों की हालत में भी सुधार बताया जा रहा। चिकित्सकों का कहना है कि फाइलेरिया दवा का सेवन पूर्णतः सुरक्षित है बच्चे किसी और कारण से बीमार हुए हैं वैसे भी किसी दवा का साइड इफेक्ट्स दवा सेवन के दो तीन घन्टे बाद ही दिखने लगता है जबकि जिन बच्चों ने दवा ली थी उन्हें दूसरे दिन अस्पताल लाया गया है। विजयराघवगढ़ के अलावा ढीमरखेढ़ा के सनकुई ग्राम में भी कुछ बच्चे मीजल्स से ग्रसित पाये गए हैं। यहां लगभग 15 दिन पहले दो बच्चों में मीजल्स के लक्षण मिले थे तभी से स्वास्थ्य विभाग गांव में नजर रख रहा। स्वास्थ्य विभाग की एक टीम गांव में तैनात है जो घर -घर जाकर सर्वे कर रही। कल 30 घरों में सर्वे किया गया जिसमें 7 बच्चे मीजल्स से ग्रसित पाये गए। अब तक यहां 15 बच्चों में मीजल्स की पुष्टि हो चुकी है। स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा पीड़ित बच्चों को पैरासिटामोल और विटामिन की दवा दी जा रही। स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि कई ग्रामीण टीकाकरण नहीं कराते जिसके चलते यह स्थिति बनती है। बहरहाल स्थिति नियंत्रण में है और स्वास्थ्य विभाग स्थिति पर नजर रख रहा। दवा सेवन के बाद हालत बिगड़ने पर जिन बच्चों को कटनी रिफर किया गया उनके नाम पावनी असाटी 13 वर्ष, साहिल कुशवाहा 13 वर्ष, संध्या पाल 13 वर्ष सुषमा केवट 13 वर्ष बताई गई है। इनमें साहिल कुशवाहा बमहौरि के अलावा बाकी सभी रजरवारा ग्राम के निवासी हैं। गुनौर और रमना गांव के बच्चों का विजयराघवगड़ में ही उपचार किया जा रहा।



# बीना जाना कठिन, घंटों लेट हो रहीं यात्री ट्रेनें

## 10 दिनों से इंटरलॉकिंग के कार्य से कटनी बीना मार्ग प्रभावित

**कटनी, यशभारत। अगर आप कटनी से बीना की यात्रा करने वाले हैं तो भले ही यह ढाई तीन घंटे का सफर हो लेकिन इसमें 5 से 7 घंटे भी लग जाएं तो आश्चर्य नहीं है। कटनी से रोजाना हजारो लोग बीना या इसके समीपी रेल स्टेशनों की यात्रा करते हैं फिलहाल सभी काफी परेशान हैं।**



बीना-कटनी रेलखंड सभी रेलवे स्टेशनों पर करीब 10 दिनों से इंटरलॉकिंग का कार्य किया जा रहा था। अब स्टेशनों पर मेंटेनेंस का कार्य शुरू कर दिया गया है। जिसके चलते सुबह से लेकर देर शाम तक कटनी की तरफ से बीना आने वाली सभी ट्रेनें कई घंटे देरी से बीना रेलवे स्टेशन पर पहुंच रही है। इससे ट्रेनें घंटों छोटी स्टेशनों पर खड़ी रहती है और यात्री परेशान हो रहे हैं।

### अपडाउनर्स हो रहे सबसे ज्यादा परेशान

कटनी-बीना रेलवे ट्रैक के सभी रेलवे स्टेशनों के आसपास मेंटेनेंस का कार्य किया जा रहा है। इसके कारण सागर, मकरोनिया, खुरई से बीना अपडाउन करने वाले यात्रियों को करीब 10 दिनों से परेशान होना पड़ रहा है। सागर से बीना अप डाउन करने वाले कमलेश नामदेव, सतीष कुशवाहा, रोहित रजक ने बताया कि बीना में प्राइवेट नौकरी करते है। करीब दस दिनों से रोजाना ट्रेन देरी से बीना रेलवे स्टेशन पर पहुंच रही है। ऐसे में नौकरी पर भी खतरा बना हुआ है। बस से बीना जाना महंगा पड़ता है, ऐसे में ट्रेन ही सहारा है लेकिन वह भी देरी से चल रही है।

### पैसेंजर ट्रेन 4 से 5 घंटे में पहुंच रही है बीना

रोजाना अप डाउन करने वाले कैलाश पांडे ने बताया कि दमोह से ग्वालियर जाने वाले पैसेंजर ट्रेन का सागर रेलवे स्टेशन पर सुबह 7.30 बजे आने का समय है और बीना पहुंचने का समय सुबह 9.35 का है लेकिन इस समय यह ट्रेन रोजाना 4 से 5 घंटे देरी से बीना पहुंच रही है। सागर से रोजाना खुरई और बीना जाने के लिए बड़ी संख्या में लोग अपडाउन करते हैं। ट्रेनें देरी से चलने के कारण सबसे ज्यादा परेशानी प्राइवेट नौकरी करने वालों को हो रही है।

### ये ट्रेनें चल रही है रोजाना देरी से


इंटरलॉकिंग कार्य के चलते बीना रेलवे स्टेशन पर सुबह के समय आने वाली भोपाल-इटारसी विंध्याचल एक्सप्रेस, दमोह-भोपाल राज्यरानी, दमोह-ग्वालियर पैसेंजर ट्रेन, बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस, हावड़ा-इंदौर एक्सप्रेस, जबलपुर-जम्मूतवी एक्सप्रेस, जबलपुर-सोमनाथ एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनें जो सुबह से शाम तक आती है। वह सभी ट्रेनें 4 से 5 घंटे देरी से बीना रेलवे स्टेशन पर पहुंच रही है।

### करीब एक सप्ताह और चलेगा कार्य

रेलवे सूत्रों के मुताबिक बीना-कटनी रेलखंड पर करीब 10 दिनों से इंटरलॉकिंग का कार्य किया जा रहा था। बुधवार की शाम को इंटरलॉकिंग का कार्य पूरा हो गया है। अब बीना-कटनी रेलवे स्टेशनों के आसपास मेंटेनेंस का कार्य आज गुरुवार से शुरू हो गया है। मेंटेनेंस का कार्य करीब एक सप्ताह और चलेगा।

### 12 शिवलिंगों की प्राण प्रतिष्ठा से आस्था का केंद्र बना है सलैया पड़खुरी

# नीलकंठेश्वर धाम में शुरू हुईं तैयारियां, महाशिवरात्रि पर होगा रुद्राभिषेक एवं पार्थिव पूजन, भंडारा भी



**कटनी, यशभारत।** विजयराघवगढ़ सलैया पडखुरी नीलकंठेशवर भक्ति धाम महादेव की नगरी के रुप मे जाना जाता है। इस धार्मिक स्थल को लगभग 33 वर्षो से निलकंठेशवर भक्ति धाम के संचालक मदनलाल ग्रोवर ने तरह तरह से सुसज्जित किया तथा मंदिरों का निर्माण कराया और निर्माण के पश्चात मदिरों मे धार्मिक रिती रिवाज के साथ देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा कराई गयी। पश्चिम मे भोलेनाथ के साथ माता पार्वती दक्षिण मे हनुमान जी विराजमान है उत्तर में मां जगत जननी, मां जगदम्बा पूर्व मे गुफा रुपी मंदिर मे उपर महादेव पूरे परिवार के साथ विराजमान हैं और गुफा के अंदर प्रथम पूज्य श्रीगणेश जी विराजमान है। श्री ग्रोवर ने एक बडा संकल्प लिया जो आज पूर्ण हुआ तीन मंजिल की विशाल मंदिर का निर्माण विश्व प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा निर्मित कराया गया मंदिर मे तीन तल है प्रथम तल मे महादेव के सभी 12 स्वरूपों के शिवलिंगों को स्थापित किया गया दूसरे तल मे विशाल शिवलिंग तीसरे तल मे महादेव खुद नागदेव के साथ विराजमान हुई। 12 ज्योर्तिलिंग के साथ विशाल शिवलिंग व महादेव की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा धर्म गुरुओं द्वारा कराई गयी महादेव का अभिषेक रंजन बाबू ग्रोबर ने किया। प्राण प्रतिष्ठा मे धूमधाम के साथ उत्साह पूर्वक कई हजारों की सख्या मे भक्त शाामिल हुए प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर आयोजक मदनलाल ग्रोवर, बाबू ग्रोवर रुद्राक्ष ग्रोवर तथा भक्तों ने मंदिर प्रांगण को दुल्हन जैसा सजाया। ढोल नगाडो ने कार्यक्रम की शान बढ़ाई तो वहीं देवी जागरण के माध्यम मे कलाकार संजय नाकरा ने महादेव की महिमा सुनाई। नी लकंठेशवर भक्ति धाम लगातार 33 वर्षों से महाशिवरात्रि आयोजन और विश्वास भंडारा आयोजित करता आ रहा है। हर वर्ष की भांती इस वर्ष 1 जुलाई 2022 से प्रारम्भ श्रीरामचरित मानस अखण्ड रामायण एंव पार्थिव पूजन का समापन 18 फरवरी 2023 महाशिवरात्रि के दिन महा रुद्राभिषेक विशाल पूजा अर्चना के साथ 19 फरवरी 2023 को पूर्णाहुति के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## जबलपुर रिफर हुई नवविवाहिता की रास्ते में मौत



**कटनी, यशभारत।** कैमोर थाना क्षेत्र निवासी नवविवाहिता की खाना बनाने के दौरान स्टोव की आग से जलकर मौत हो गई। नवविवाहिता को शुक्रवार शाम कटनी जिला अस्पताल से जबलपुर रेफर किया गया था, जहां पनागर के समीप उसकी मौत हो गई। मौत के बाद 108 चालक ने शव ले जाने से मना कर दिया। परिजनों की मिन्नतों के बाद 1500 रुपए देने पर 108 चालक शव वापस जिला अस्पताल ले जाने के लिए तैयार हुआ। शनिवार सुबह जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। अस्पताल चौकी पुलिस ने बताया कि कैमोर निवासी नवविवाहिता लक्ष्मी पति मोहित दहिया (21) 9 फरवरी को घर में कार्य के दौरान स्टोव की आग से जलकर गंभीर रूप से झुलस गई थी। लक्ष्मी को उपचार के लिए विजयराघवगढ़ शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया था।



## बच्चों ने इंग्लिश एवं हिन्दी रेसिटेशन एक्टिविटी का लिया आनंद

**कटनी, यशभारत।** गत दिवस डीपीएस स्कूल में इंग्लिश एवं हिन्दी रेसिटेशन ऐक्टिविटी का आयोजन किया गया, जिसमें मोंटेसरी के तीनों कक्षाओं के बच्चों द्वारा इंग्लिश और हिन्दी राइम्स सुनाई गई, किसी भी प्रकार के शिक्षण के समान कविता शिक्षण द्वारा भी विद्यार्थियों के भाषा ज्ञान तथा अन्य प्रकार ज्ञान में वृद्धि होती है। यदि कविता का भावतत्त्व एवं कलातत्त्व दोनों शक्तिशाली हों तो उसका हृदय पर प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है। इसी उद्देश को ध्यान में रखते हुए इस एक्टिविटी को संपन्न किए गया बच्चों ने भी बड़े ही उत्साह के साथ इस एक्टिविटी में भाग लिया द्य विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सीमा दुबे, उपप्राचार्या श्रीमती शबनम अख्तर और इंचार्ज मनमीत कौर के निर्देशन से इस पूरे कार्यक्रम को संपन्न कराया गया।

## अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता जबलपुर के लिए सीनियर टीम चयनित

**कटनी, यशभारत।** अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता जबलपुर के लिए सीनियर टीम चयनित कर ली गई है। टीम में राजा खान कप्तान, संकल्प सिंघवी, एयाज अनवर, पुष्पेंद्र सिंह, हर्ष मंगलानी, आदित्य चौधरी, देवांश नानकानी, प्रहलाद रावत, सुमित सिंह, सचिन यादव, अभिनव दुबे, अंकित विश्वकर्मा, जतिन विश्वकर्मा, मनीष शर्मा, अतिरिक्त खिलाड़ी, नीलेश नामदेव, सचिन बर्मन सभी 14 खिलाड़ी कल शाम को जबलपुर पहुंचें अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता सीनियर वर्ग के लिए जिला क्रिकेट टीम का चयन किया गया है। हालांकि कुछ खिलाड़ियों ने इस चयन पर सवाल खड़े किये हैं। खिलाड़ियों ने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा है कि कुछ सीनियर खिलाड़ियों से दुर्भावना रखने के कारण चार जूनियर बालको को जिला क्रिकेट संघ के सचिव द्वारा टीम में रखा गया है। आरोप है कि ऐसा पहले भी हो चुका है। खिलाड़ियों के साथ पक्षपातपूर्ण रवैया क्रिकेट संघ द्वारा अपनाया जाता है जिससे खिलाड़ी निराश है।

# 22 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

## लघु वेतन कर्मचारियों ने पदनाम परिवर्तन, ग्रेडपे पुरानी पेंशन सहित कई विषयों पर कराया ध्यानाकर्षण




**कटनी, यशभारत।** मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा कटनी के जिलाध्यक्ष पूर्णेश उइके ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि संघ के प्रांतीय आवाहन पर तीसरे चरण मे आज संघ के द्वारा मुख्यमंत्री] मुख्य सचिव के नाम 22 सूत्रिय मांगों का ज्ञापन विधायक के प्रतिनिधि मनोज त्रिपाठी को सौंपा गया जिसमे पद नाम परिवर्तन, ग्रेड पे 1800 किया जाना, पुरानी पैशन लागू करने पदोन्नति करना, अंशकालीन दैनिक वेतन भोगी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता डाटा इन्ट्री ऑपरेटर को नियमित किया जाए, रसोईया बहनों को कम से कम 10000 रु वेतन दिया जाये व अन्य मांगो के निराकरण के लिए ज्ञापन दिया गया संघ के पदाधिकारी कामता चौधरी मोहित बर्मन ज्ञानेन्द्र पांडेय हरीश बेन अजमुद्दीन रत्ना ठाकुर ललिता आशा शोभा ज्योती नीलम शन्ति सरोज व अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही है।

# मिलन समारोह में छात्रों ने साझा किए अनुभव, बेहतर भविष्य के सपने संजोए

### सीनियर छात्रों को जूनियर ने दी विदाई, बिरूहली में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**कटनी,यशभारत।** सरस्वती श्री विष्णु वेद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खिरहनी कटनी की कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों द्वारा उज्जवल भविष्य की कामना के साथ भावभीनी विदाई दी गई। विद्यालय का यह विदाई समारोह शनिवार 11 फरवरी को निर्मल छाया नेचर रिसोर्ट बिरूहली में आयोजित किया गया। युवा समाज सेवी एवं मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री क्षेत्रीय विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक के पुत्र यश पाठक विदाई समारोह में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विजयराघवगढ़ भाजपा मंडल के अध्यक्ष मनीष देव मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह में शामिल हुए। मुख्य अतिथि यश पाठक द्वारा 11वीं एवं 12 वीं के सभी छात्रों को टॉफी एवं मिष्ठान वितरित कर उनका मुंह मीठा कराया गया साथ ही परीक्षा में अच्छे परिणामों के लिए मंगलकामना करते हुए आर्शीवाद प्रदान किया गया। कार्यक्रम मे विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य उमेश मिश्र, राकेश मिश्र, धनीराम तिवारी, प्रबुद्ध पुरवार, विनीत भगवान दास राठौर की उपस्थित मे कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। अन्त मे अध्यक्ष राकेश मिश्रा ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम उपरांत सभी ने मुख्य अतिथि के साथ भोजन ग्रहण किया। विद्यार्थियों निर्मल छाया नेचर रिसोर्ट के प्राकृतिक सौंदर्य के बीच मुख्य अतिथि यश पाठक के साथ तस्वीरें खिंचाई तथा सेल्फी भी ली। बच्चों ने रिसोर्ट का भ्रमण कर भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे प्रभारी प्राचार्य श्रीमती पूनम सक्सेना, प्रामिला दुबे, वेद प्रकाश त्रिपाठी, राजकुमार विश्वकर्मा, रितेश सिंह, गुरशरण दुबे, अनुसुइया पयासी, श्रावण पटेल, ज्योति पाठक, मिथिलेश सिंह, विपिन सिंह, हेमेंद्र श्रीवास, बंदना मिश्रा, वंदना सोनोने, वर्षा सिंह, सुब्रतो दास, सविता शुक्ला, प्रमोद पाण्डेय, रमेश बर्मन, मंजू भारद्वाज, जितेन्द्र तिवारी, बंदना शुक्ला, कुसुम श्रीवास्तव, प्रीति मिश्रा, गीतिका मिश्रा, ज्योति गर्ग, अभिलाषा सिंह, मनोज पयासी आदि सभी विद्यालय परिवार का सहयोग रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती वर्षा बर्मन ने किया।





### सामुदायिक स्वच्छता परिसर की तत्काल स्वीकृत के निर्देश

# कलेक्टर ने जैन मुनि से लिया आशीर्वाद



**कटनी,यशभारत।** आस्था, धर्म, अध्यात्म के प्रति श्रद्धा और अटूट विश्वास का अनुपम नजारा उस समय देखने को मिला, जब कलेक्टर अवि प्रसाद विकास यात्रा के दौरान जनपद क्षेत्र ढीमरखेड़ा के ग्राम कछारगांव बड़ा में आयोजित सात दिवसीय पंचकल्याणक गजरथ महोत्सव में जैन मुनि श्रेष्ठ का आशीर्वाद लेने आकस्मिक रूप से जा पहुंचे और जैन मुनिश्री से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान जैन समुदाय के नागरिकों और जिला पंचायत की सदस्य कविता पंकज राय ने शाल, श्रीफल और प्रतीक चिन्ह भेंट कर कलेक्टर का स्वागत और अभिनंदन किया। जैन मुनि श्रेष्ठ से भेंट के दौरान जनपद क्षेत्र ढीमरखेड़ा के कछार गांव बड़ा के ग्रामीण और श्रद्धालु भी मौजूद थे। ग्रामीणों की मांग पर जन सुविधा एवं स्वच्छता की दृष्टि से कलेक्टर ने 3 लाख 44 हजार की लागत का सामुदायिक स्वच्छता परिसर मौके पर ही तत्काल स्वीकृत किए जाने की कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। जैन मुनि श्री से जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने भी आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष प्रशांत राय, पंकज राय एवं स्थानीय ग्रामीणजन, श्रद्धालु और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# विमेंन प्रीमियर लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी आज




## 90 स्लॉट पर 409 क्रिकेटर होड़ में; टीमों के पास 12 करोड़ का पर्स

**मुंबई, ईएमएस।** आज का दिन हर विमेन क्रिकेटर के लिए खास है। विमेंन प्रीमियर लीग के पहले सीजन के लिए दोपहर 2.30 बजे से खिलाड़ियों की नीलामी होने जा रही है। मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में होने जा रहे इस मेगा ऑक्शन में 409 खिलाड़ियों पर बोली लगेगी। इनमें 15 देशों की विमेंस क्रिकेटर शामिल हैं। ऑक्शन के लिए दुनियाभर से 1525 खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया था, जिनमें 246 भारतीय और 163 विदेशी खिलाड़ियों को शॉर्ट लिस्ट किया गया है। ये सभी अब 90 स्लॉट के लिए होड़ में होंगी। ऑक्शन में 24 खिलाड़ियों की बेस प्राइस सबसे ज्यादा 50 लाख रुपए है। इनमें 10 भारतीय और 14 विदेशी खिलाड़ी हैं। जबकि, 30 खिलाड़ियों ने अपनी बेस प्राइस 40 लाख रखी गई है। इसके साथ ही भारत की अंडर-19 महिला टी-20 वर्ल्ड कप विनिंग टीम से सभी खिलाड़ियों ने नीलामी के लिए रजिस्ट्रेशन करा लिया है।

### इन 15 देशों से हैं खिलाड़ी

भारत के अलावा फाइनल लिस्ट में ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका, वेस्टइंडीज, श्रीलंका, बांग्लादेश, आयरलैंड और जिम्बाब्वे की खिलाड़ी शामिल हैं। इनके साथ एसोसिएट देशों से ,श्व, हॉन्गकॉन्ग, थाईलैंड, नीदरलैंड और ृ्की 8 खिलाड़ियों पर ऑक्शन में बोली लगेगी।

### हर टीम के पर्स में 12 करोड़ रुपए

एक WPL टीम को ऑक्शन में खिलाड़ी खरीदने के लिए 12 करोड़ रुपए का पर्स मिलेगा। हर साल पर्स में 1.5 करोड़ रुपए का इजाफा होगा। मेंस IPL े मुकाबले यह राशि बहुत कम है। मेंस IPL में एक टीम के पास 95 करोड़ रुपए का पर्स रहता है। ऑक्शन में हर टीम 15 से 18 खिलाड़ी खरीद सकती है। हर टीम में अधिकतम 6 विदेशी खिलाडी ही शामिल हो सकते है। इस हिसाब से कुल 90 खिलाड़ियों को खरीदा जाएगा। टूर्नामेंट जीतने वाली टीम को 6 करोड़, रनर-अप को 3 करोड़ और तीसरे नंबर पर रहने वाली टीम को एक करोड़ रुपए दिए जाएंगे।

# कैच लेते हुए फुटबॉल खेलने लगा फील्डर

## तेंदुलकर बोले- ऐसा तभी मुमकिन जब प्लेयर को दोनों खेल आते हों

**बेलगाम ,ईएमएस।** कर्नाटक के बेलगाम में एक लोकल क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ी की फील्डिंग का वीडियो वायरल हो रहा है। टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में एक खिलाडी हवा में अपना पैर उठाकर बॉउंड्री पर जाती बॉल को रोक रहा है। सचिन तेंदुलकर ने इस वीडियो को रिट्वीट करते हुए कहा - ऐसा ही होता है जब ऐसा व्यक्ति क्रिकेट खेले, जो फुटबॉल खेलना भी जानता हो।वीडियो में दिखाई दे रहा है कि बल्लेबाज छक्का मारने के लिए बल्ला उठाता है। जैसे ही वह शॉट लगाता है, तो बॉउंड्री पर खड़ा फील्डर उसे रोकने की कोशिश करता है। फील्डर का बैलेंस बिगड़ने पर वह बाउंड्री के बाहर जाने लगता है, लेकिन इसी बीच वह बॉल को हवा में फेंक देता है। जैसे ही बॉल नीचे आती है, फील्डर हवा में उछलकर बॉल को किक करता है। इसके बाद दूसरा खिलाड़ी उसे कैच कर लेता है।ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग में जनवरी 2023 में खिलाड़ी ने तीन कोशिश में कैच पक ?ा था। प्लेयर ने बाउंड्री के अंदर बॉल को पकड़ा और बॉल को हवा में पहले उछाल दिया। बॉल बाउंड्री के बाहर गई। नेसर करीब 2-3 मीटर बाउंड्री के बाहर गए और हवा में उछलते हुए बॉल को दूसरी बार उछाल कर ग्राउंड के अंदर पहुंचा दिया। फिर वापस बाउंड्री के अंदर गए और कैच पूरा कर लिया। इसे लेकर कई क्रिकेट एक्सपर्ट्स में डिबेट हुई थी। बिग बैश लीग से पहले होबार्ट हरिकंस और ब्रिसबेन हीट के बीच 9 जनवरी 2020 को मैच के दौरान ऐसी ही कॉन्ट्रोवर्सी हुई थी। हीट के बॉलर बेन कटिंग की बॉल पर हरिकंस के मैथ्यू वेड ने स्लॉग शॉट खेला था। बॉल डीप मिड-विकेट पर गई। जहां मैथ्यू रेन्शो ने बाउंड्री के बाहर से हवा में उछलकर बॉल को साथी फील्डर टॉम बैंटन को दिया। बैंटन ने बाउंड्री के अंदर कैच पूरा किया और वेड 61 रन के स्कोर पर आउट हो गए।



# टीम इंडिया ने 18 बॉल पर 42 रन बनाकर मैच पलटा, जेमिमा ने कोहली की याद दिलाई

## महिला टी-20 वर्ल्ड कप में भारत ने पाकिस्तान को रौंदा




**कैपटाउन ,एजेंसी।** महिला टी-20 वर्ल्ड कप के ग्रुप स्टेज मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हरा दिया। भारतीय टीम अपना अगला मुकाबला 15 फरवरी को केप टाउन में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलेगी।यह टीम इंडिया की वर्ल्ड कप में पाक पर 5वीं जीत है। विमेंस टी-20 क्रिकेट के इतिहास में भारत ने पाकिस्तान को ओवरऑल 11 बार हराया है।रिचा घोष और जेमिमा रोड्रिग्ज ने आखिर तक टिक कर भारत को 19 ओवर में जीत दिला दी। जेमिमा ने 53 रनों की नाबाद पारी खेलकर विराट कोहली की पाकिस्तान के खिलाफ 82 रनों की नाबाद पारी की याद दिलाई।मैच विनिंग पारी खेलने से पहले जेमिमा एक अहम मौके पर अपने दोनों पैर स्ट्रेच कर स्टंपिंग होने से बची थीं। उनसे पहले निदा दार के विकेट पर कॉन्ट्रोवर्सी हुई और सिद्रा अमीन ने शानदार कैच पकड़ा। भारत की जेमिमा रोड्रिग्ज छठे ओवर में पिच पर बैटिंग करने आ गई थीं। उन्होंने 19वें ओवर तक बैटिंग की और 53 रनों की नाबाद पारी खेल कर टीम को जीत दिलाई। उन्होंने अपनी पारी में 8 चौके लगाए।उनकी इस पारी ने मेंस टीम के विराट कोहली की पारी की याद दिला दी। कोहली ने पिछले टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ इसी तरह आखिर तक टिक कर टीम को जीत दिलाई थी। कोहली ने तब 82 रनों की नाबाद पारी खेली थी।ूसरी पारी में भारत की जेमिमा रोड्रिग्ज अपनी सूझबूझ के चलते बाल-बाल बचीं। 10वें ओवर की चौथी बॉल नसरा संधु ने ऑफ साइड पर फेंकी। जेमिमा ने आगे निकलकर हवा में शॉट खेलना चाहा। लेकिन, वह बॉल मिस कर गईं और कीपर ने स्टंपिंग कर दी। मामला थर्ड अंपायर के पास गया।रिप्ले में दिखा कि जेमिमा ने आगे निकलने के बाद अपने पैर स्ट्रेच किए और उन्हें क्रीज के अंदर कर लिया था। इस कारण जेमिमा नॉटआउट रहीं और आखिर तक टिक कर भारत को जीत दिलाई। 150 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी टीम इंडिया को आखिरी 24 बॉल पर 41 रन की जरूरत थी। टीम ने 17वें ओवर में अपनी गति बढ़ाई, इस ओवर में 13 रन आए। 18वें ओवर में भारत ने 14 और 19वें ओवर में 15 रन बनाकर जीत हासिल कर ली। इस तरह टीम ने 18 बॉल पर 42 रन बनाकर ग्रुप स्टेज के पहले मुकाबले में पाकिस्तान को हराया।

पहली पारी के 19वें ओवर में भारत की राधा यादव ने आसान सा कैच छोड़ दिया। राजेश्वरी गायकवाड़ की बॉल पर पाकिस्तान की आयशा नसीम ने लॉन्ग ऑफ पर शॉट खेला। बॉल हवा में गई। राधा गेंद के नीचे भी आ गई, लेकिन बॉल उनके हाथ से छूट गई। आयशा ने मैच में 25 बॉल पर 43 रन की पारी खेली। पाकिस्तान की निदा दार शून्य के स्कोर पर 8वें ओवर में आउट हो गईं। पूजा वस्त्राकर की बाउंसर पर उन्होंने पुल करना चाहा। लेकिन, बॉल कीपर के पास चली गई। प्लेयर्स ने आउट की अपील की, लेकिन अंपायर ने इसे नॉटआउट दे दिया।भारत ने रिव्यू लिया। रिप्ले में दिखा कि बॉल बैट को छूते हुए कीपर के पास गई थी। अंपायर ने अपना फैसला बदला और निदा को आउट दे दिया। रिप्ले में जब बॉल और बैट का संपर्क हुआ तो अल्ट्रा एज में बहुत कम हलचल हुई। इसलिए इस विकेट पर कॉन्ट्रोवर्सी हुई। सिद्रा अमीन का शानदार कैच शेफाली वर्मा 10वें ओवर की पहली बॉल पर आउट हुईं। नसरा संधु की बॉल पर सिद्रा अमीन ने उनका शानदार कैच पकड़ा। संधु की फुलर लेंथ बॉल को शेफाली ने लॉन्ग ऑफ की ओर मारा था। लेकिन, बाउंड्री पर खड़ीं सिद्रा ने बेहतरीन तरीके से बॉल को जज किया और कैच पकड़ लिया। शेफाली 25 बॉल में 33 रन बनाकर पवेलियन लौटीं।



# सितारों से सजा ग्रैंड हुआ सिद्धार्थ-कियारा का रिसेप्शन

## अजय देवगन, आलिया, रणवीर और वरुण समेत कई स्टार्स पार्टी में हुए शरीक

**मुंबई ,ईएमएस ।** सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी का वेडिंग रिसेप्शन कल मुंबई के सेंट रेजिस होटल में रखा गया। सितारों से सजी इस शाम में बॉलीवुड के कई स्टार्स शामिल हुए। फंक्शन नें सबसे पहले अभिषेक बच्चन पहुंचे थे। फंक्शन की शुरुआत रात 8.30 बजे से हुई। तकरीबन 9 बजे सिद्धार्थ-कियारा ने ब्लैक-व्हाइट आउटफिट में एंट्री ली। दोनों काफी खूबसूरत नजर आ रहे थे। पार्टी में अजय देवगन-काजोल, आलिया भट्ट, पति सिद्धार्थ रॉय कपूर के साथ विद्या बालन, रणवीर सिंह, अनुपम खेर, वाइफ नताशा के साथ वरुण धवन, शिल्पा शेट्टी, विक्की कौशल सहित तमाम सितारे नजर आए।कियारा-सिद्धार्थ के रिसेप्शन में आलिया भट्ट निर्देशक अयान मुखर्जी के साथ पहुंचीं।सिल्वर की साड़ी में आलिया काफी खूबसूरत नजर आ रही थीं।ब्लैक साड़ी में खूबसूरत दिखीं अनन्या पांडे।अजय देवगन-काजोल भी रिसेप्शन में शामिल हुए। वहीं अभिषेक बच्चन भी पार्टी में शरीक हुए ।

### सिद्धार्थ कियारा ने मीडिया को भेजी मिठाई

सिद्धार्थ- कियारा ने मुंबई लौटने के बाद मीडिया और पैपराजी को मिठाई बांटी थी। इन मिठाई के डिब्बों के अंदर एक छोटा सा नोट भी था जिस पर कियारा और सिद्धार्थ का नाम लिखा था।

### कियारा-सिद्धार्थ की शादी का पहला वीडियो सामने आया

कियारा-सिद्धार्थ की शादी का पहला वीडियो 10 फरवरी को सामने आया। कियारा आडवाणी ने इंस्टाग्राम पर ये वीडियो शेयर किया। वीडियो के साथ कैप्शन में उन्होंने शादी की डेट भी लिखी। वीडियो को देखने के बाद फैंस काफी खुश नजर आ रहे हैं। फैंस का कहना है कि दोनों की जोड़ी सबसे खूबसूरत लग रही है।इस वीडियो में दोनों एक दूसरे को वरमाला पहनाते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो में दोनों एक दूसरे को कॉम्प्लिमेंट देते नजर आए। वरमाला पहनाने के बाद दोनों एक दूसरे को किस करते भी दिखाई दिए। कियारा स्टेज की तरफ जाते हुए डांस भी कर रही हैं।

### कियारा ने पहना 2 करोड़ का मंगलसूत्र

रिपोर्ट्स की मानें तो कियारा ने शादी के बाद जो मंगलसूत्र पहना है, उसकी कीमत 2 करोड़ के आस-पास है। मंगलसूत्र काफी सिंपल है। इसमें गोल्डन चेन में चारों ओर काले मोती लगे हुए हैं। वहीं बीच में एक बड़ा डायमंड लगा हुआ है। जानकारी के मुताबिक इस मंगलसूत्र को सिद्धार्थ मल्होत्रा ने खुद खरीदा था।

# रणजी क्रिकेट-3 साल बाद फिर से सौराष्ट्र-बंगाल में फाइनल, डिफेंडिंग चैम्पियन मप्र हारकर बाहर

**इंदौर/बेंगलुरू, ईएमएस।** मौजूदा सीजन के घरेलू क्रिकेट टूर्नामेंट के दोनों फाइनलिस्ट तय हो गए। 16 फरवरी से रणजी ट्रॉफी का खिताबी मुकाबला सौराष्ट्र और बंगाल के बीच खेला जाएगा। 2020 में भी यही दोनों टीमें फाइनल में भिड़ी थीं, जिसमें मुकाबला ड्रॉ रहा था और सौराष्ट्र ने पहली पारी की बढ़त के आधार पर टाइटल जीता था। सेमीफाइनल में सौराष्ट्र ने कर्नाटक को 4 विकेट और बंगाल ने डिफेंडिंग चैम्पियन मप्र को 306 रन से शिकस्त दी। सौराष्ट्र टीम पांचवीं बार फाइनल में पहुंची है। कर्नाटक दूसरी पारी में 234 रन पर सिमट गई। सौराष्ट्र को जीत के लिए 115 रन का लक्ष्य मिला, जिसे टीम ने 6 विकेट खोकर हासिल कर लिया।रणजी की दो बार की चैम्पियन बंगाल ने 15वीं बार फाइनल में जगह बनाई। बंगाल ने मप्र को 548 रन का विशाल लक्ष्य दिया। मप्र टीम 241 रन पर सिमट गई। रजत पाटीदार (52) ने अर्धशतक जमाया। प्रदीप्त प्रमाणिक ने सबसे ज्यादा 5 विकेट लिए। मैच में कुल 6 विकेट लेने वाले बंगाल के आकाशदीप प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

# रैपर एमसी स्टैन बिग बॉस 16 के विनर

## शिव ठाकरे रनरअप रहे; सलमान ने कहा- असली विनर प्रियंका चौधरी

**मुंबई, ईएमएस।** रैपर एमसी स्टैन ने रविवार रात को बिग बॉस 16 का खिताब जीत लिया। शिव ठाकरे रनरअप रहे। यह सीजन 4 महीने चला। इनाम में रैपर को 31 लाख रुपए और एक लग्जरी गा?ी मिली। इससे पहले स्टैन एमटीवी के विनर रह चुके हैं। टॉप 3 फाइनलिस्ट में प्रियंका चहर चौधरी, शिव ठाकरे और एमसी स्टैन पहुंचे थे। प्रियंका आखिर में एलिमिनेट हो गईं। एमसी स्टैन को सबसे ज्यादा वोट मिले। शो का फिनाले करीब 5 घंटे तक चला। भले ही प्रियंका बिग बॉस 16 का खिताब अपने नाम ना कर पाई हों, लेकिन सलमान ने कहा कि उनके लिए वो सच्ची विनर हैं।



शालीन और अर्चना फिनाले में एलिमिनेट हुए शो के टॉप 5 फाइनलिस्ट में शालीन भनोट और अर्चना गौतम भी थे। लेकिन फिनाले में शालीन और अर्चना एलीमिनेट हो गए। ऐसे में कयास लगाए जा रहे थे प्रियंका की मौजूदगी के बावजूद ट्रॉफी के लिए एमसी स्टैन और शिव स्ट्रॉन्ग कंटेस्टेंट्स थे।

### फिनाले में चकिसी का भाई किसी की जानज्ज का गाना लॉन्च हुआ

शो के फिनाले पर सलमान ने अपनी अपकमिंग फिल्म किसी का भाई किसी की जान का गाना च्नइयो लगदाज लॉन्च किया। इस गाने में सलमान एक्ट्रेस पूजा के साथ स्क्रीन पर रोमांस करते नजर आ रहे हैं। उन्होंने खास वैलेंटाइन डे के मौके पर इस गाने को रिलीज किया। इसी के साथ फिल्म का पहला गाना सामने आ गया। इस गाने को हिमेश रेशमिया ने कंपोज किया है।

### शो के फिनाले में पहुंचे सनी देओल-अमीषा पटेल

शो के फिनाले में कई टीवी और बॉलीवुड से जुड़ी स्टार कास्ट भी पहुंची थी। इस दौरान एक्टर सनी देओल और अमीषा पटेल अपनी अपकमिंग फिल्म गदर 2 का प्रमोशन करने पहुंचे थे।

बिग बॉस 16 में कंटेस्टेंट्स ने मिलकर मंडली बनाई थी। एमसी स्टैन और शिव दोनों ही उस मंडली का हिस्सा थे। ऐसे में फिनाले मंडली 1ह्य मंडली के बीच हुआ।

बिग बॉस का 15वें सीजन के मुकाबले फैंस ने 16वें सीजन को ज्यादा पसंद किया। हालांकि, कई व्यूअर्स का मानना है कि शो के पुराने सीजन और भी ज्यादा जबरदस्त हुआ करते थे। बिग बॉस का पहला सीजन आशिकी एक्टर राहुल रॉय ने जीता था। शो के होस्ट अरशद वारसी थे।



# राखी सावंत के पति पर रेप केस

## ईरानी महिला का दावा- 5 महीने शोषण किया, फोटो वायरल करने की धमकी दी

मुंबई, एजेंसी। राखी सावंत के पति आदिल खान दुर्रानी की मुसीबतें ब?ती जा रही हैं। अब आदिल के खिलाफ एक ईरानी महिला ने रेप का केस दर्ज कराया है। महिला का आरोप है कि आदिल ने उसे शादी का झांसा देकर 5 महीने तक रेप किया।

महिला ने मैसूर के वीवी पुरम थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने आदिल के खिलाफ आईपीसी की धारा 376, 417,420, 504 और 506 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इससे पहले राखी सावंत ने भी आदिल पर धोखाधड़ी और मारपीट का आरोप लगाया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरानी महिला फार्मेसी की पढ़ाई के लिए इंडिया आई थी। उसने मैसूर के कॉलेज में दाखिला ले लिया, वहीं पर उसकी मुलाकात आदिल से हुई। आदिल वहीं एक फूड आउटलेट का मालिक था, ईरानी महिला अक्सर वहां जाया करती थी।धीरे-धीरे दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ती गई। दोनों एक साथ फ्लैट में शिफ्ट में हो गए, लेकिन जब महिला ने आदिल से शादी की बात कही तो उसने ये कहते हुए साफ मना कर दिया कि उसके कई लड़कियों से ऐसे ही संबंध रहे हैं।ईरानी महिला ने आदिल पर आरोप लगाया है कि उसने 5 महीने तक शादी के नाम पर उसके साथ रेप किया है।

ईरानी महिला ने आदिल से कहा कि अगर वह उससे शादी नहीं करेगा तो वह पुलिस में उसकी शिकायत कर देगी। आदिल ने तब उसे दो नंबरों से इंटिमेट फोटोज भेजे और कहा कि अगर वह पुलिस में गई तो ये फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर कर देगा। साथ ही उसके पेरेंट्स को भी भेज देगा। आदिल ने उसे जान से मारने की भी धमकी दी। पीड़ति महिला ने पुलिस को वो दोनों नंबर्स भी दिखाए। पीड़ित महिला ने कहा है कि आदिल ने उसे धमकी दी थी अगर उसने पुलिस में शिकायत की तो तो उसके इंटिमेट फोटोज को सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा।

### राखी ने आदिल पर लगाया है धोखाधड़ी और मारपीट का आरोप

बता दें कि राखी सावंत ने भी अपने पति आदिल पर धोखाधड़ी और मारपीट का आरोप लगाया है। राखी की शिकायत पर उसकी गिरफ्तारी भी हुई है। 6 फरवरी को राखी ने आदिल के खिलाफ एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर और धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए FIR दर्ज कराई थी, जिसके बाद ओशिवारा पुलिस ने उसे उसके घर से गिरफ्तार कर लिया था।

# सुनील शेट्टी ने की दामाद केएल के बारे में बात बोले- मैं उनका ससुर नहीं बल्कि पिता बनकर रहना चाहता हूं

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान केएल राहुल के साथ अपने रिश्ते का बारे में बात की है। उन्होंने कहा कि वो ससुर का रोल नहीं जानते हैं और हमेशा केएल राहुल के पिता बनकर रहना चाहते हैं। अथिया और केएल 23 जनवरी को शादी के बंधन में बंधे थे। सुनील ने एक दैनिक अखबार से बात करते हुए कहा, च्मैं ससुर के रोल को नहीं जानता हूं। मैं उनका फैन था और आज हमारा एक रिश्ता है, लेकिन मैं राहुल से पहले भी प्यार करता था, जैसे मैं बहुत सारे यंग टैलेंट्स से करता हूं। मैं उन लोगों में से हूं जो हमेशा टैलेंट्स को परफॉर्म करते देखने के लिए वानखेड़े जाता था। सुनील ने आगे कहा, च्जब मैंने राहुल को खेलते हुए देखा, तो मुझे लगा कि ये बच्चा



अच्छा है और फिर वो मेरे घर के पास का रहने वाला है। मैं उनमें से हूं जिसे छोटे शहरों के बच्चों की उपलब्धि पर बहुत गर्व होता है, इसलिए मैं उनका फैन था और आज मैं उनका पिता हूं।सुनील कहते हैं, च्मैं उन्हें उतना ही जानता हूं जितना वो खुद को जानते होंगे। मैं उनकी हर हरकत को जानता हूं। जैसे अथिया और राहुल हैं, वैसे ही जो भी मेरे बेटे अहान की लाइफ में आएगी वो मेरी बेटी होगी।

अथिया और केएल राहुल की शादी में मौजूद एक सूत्र ने बताया था, च्शादी में सुनील शेट्टी सबसे ज्यादा एक्टिव रहे। उन्होंने खुद ही सारी व्यवस्थाएं देखीं और ये सुनिश्चित किया कि शादी में शामिल होने वाले सभी लोग आराम से रहें। उन्हें खुश देखकर बहुत खुशी हो रही थी, लेकिन जैसे ही उन्होंने अपनी बेटी को दुल्हन के रूप में देखा, वैसे ही वो अपने आंसू नहीं रोक पाए। वो पूरे फेरे के दौरान इमोशनल ही रहे।

### अथिया-राहुल की शादी में सिर्फ 100 लोग ही हुए थे शामिल

अथिया और केएल राहुल ने 4 साल तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद 23 जनवरी को शादी की है। इस शादी में फैमिली मेंबर्स और क्लोज फ्रेंड्स मिलाकर सिर्फ 100 लोग ही शामिल हुए थे। फंक्शन में अथिया की खास दोस्त कृष्णा श्रॉफ, अंशुला कपूर, डायना पेंटी, क्रिकेटर ईशांत शर्मा और वरुण एरोन भी मौजूद रहे ।अथिया शेट्टी और केएल राहुल की शादी में सभी क्रिकेटर्स शामिल नहीं हो पाए, क्योंकि उस समय सभी भारत-न्यूजीलैंड क्रिकेट सीरीज में बिजी थे। ऐसे में कहा जा रहा है कि दोनों सभी क्रिकेटर्स के लिए IPL (इंडियन प्रीमियर लीग) के खत्म होने के बाद मई में एक ग्रैंड रिसेप्शन रखेंगे।

# संपत्ति के आंकलन के लिए जीआइएस का उपयोग नहीं कर रहा नगर निगम

## मकान का टैक्स जमा हो रहा या इमारत का, निगम अधिकारी अनजान

**कटनी, यशभारत।** संपत्ति कर वसूली में नगर निगम की बड़ी बेपरवाही सामने आ रही है। बेपरवाही ऐसी की जिसमें निगम को हर साल करोड़ों रुपए का चूना लग रहा है ! ऐसा इसलिए क्योंकि शहर में पांच साल पहले ज्योग्राफिकल इन्फॉर्मेशन सिस्टम (जीआइएस) लागू हो गया था लेकिन नगर निगम के अधिकारी इसका उपयोग नहीं कर पाए। इससे यह पता लगाया जाना था कि संपत्ति स्वामी नगर निगम को वास्तविक कर जमा कर रहा है कि नहीं। राजस्व के नोडल अधिकारी से लेकर प्रभारी अधिकारी की लापरवाही व पूर्व के आयुक्तों की बेपरवाही सामने आई है। बताया जाता है कि ज्योग्राफिकल इन्फॉर्मेशन सिस्टम (जीआइएस) सर्वे 2014-15 में किया जाना था। इसके लिए काम भी शुरू हुआ लेकिन अधूरा छोड़ दिया गया और इस काम की प्रगति खास नहीं है। दो साल तक कोविड के नाम पर निकल गए लेकिन अभी भी यह सर्वे शहर में पूरा नहीं हो पाया है। सैटेलाइट के जरिए शुरू हुए जीआइएस के सर्वे में कई रसूखदार बिल्डर और कारोबारियों की प्रॉपर्टी टैक्स की चोरी पकड़ी जानी थी लेकिन नगर निगम इस सिस्टम को अब तक लागू नहीं करा पाया है। इस सर्वे में हजारों ऐसे मकानों के खुलासे होते जो संपत्ति कर की चोरी कर रहे हैं और अब निगम इनसे मौजूदा निर्माण के आधार पर संपत्ति कर वसूल पाता। इनमें कई बड़े राजनीतिक रसूखदार, बिल्डर और कारोबारियों के नाम भी शामिल हैं। जिन्होंने इमारतें तान दी लेकिन आज भी पुराने ही रिकॉर्ड पर टैक्स जमा कर रहे हैं।



### लक्ष्य से काफी पीछे है टैक्स वसूली

वित्तीय वर्ष 2022-23 के नौ माह बीतने को हैं और नगर निगम महज 40 फीसदी ही संपत्तिकर की वसूली कर पाया है। नगर निगम को इस वर्ष लोगों से 10 करोड़ रुपए की कर वसूली करना है लेकिन राजस्व अमला अभी तक मात्र सवा 4 करोड़ रुपए की ही वसूली कर पाया है। अभी वार्डों में शिविर भी लगाए जा रहे हैं ताकि समय पर टैक्स की वसूली की जा सके। इसके अलावा बीते दिनों लोक अदालत के माध्यम से भी वसूली की गई।

### क्या है जीआइएस सिस्टम

ज्योग्राफिकल इन्फॉर्मेशन सिस्टम (जीआइएस) में सैटेलाइट के जरिए जमीनी आकृतियों, प्लॉट को डिजिटल रूप में बदला जाता है। किसी स्थान पर जाए बगैर नक्शा कंप्यूटर पर देखकर बना सकते हैं। जिससे बनने वाले मानचित्र हाईटेक होते हैं। घर बैठे कहीं से भी किसी की भी संपत्ति देखी जा सकती है। इसके जरिए अभी तक हाउस टैक्स से बाहर रहे भवनों के साथ ही उन भवनों के बारे में भी पता लगाया जा सकता जो अतिरिक्त निर्माण करा लिए हैं।

### इस तरह हो रही बेपरवाही

- कई बार नगरीय प्रशासन विभाग की वीडियो कान्फ्रेंसिंग में मुख्यालय के अधिकारियों ने निर्देश दिए लेकिन नहीं हुआ अमल।
- इस सर्वे के नोडल अधिकारी बनाए गए हैं, प्रभारी अधिकारी भी नहीं दे रहे गंभीरता से ध्यान।
- इ-नगर पालिका सिस्टम होने के बाद भी ऑनलाइन नहीं जमा करा पा रहे टैक्स, जानकारी के अभाव में लोग नहीं कर पा रहे एप का उपयोग।
- जीआइएस पद्धति से संपत्ति चिन्हित कर सर्वेक्षण करने का काम फाइलों में दबाए रहे अधिकारी, पहुंचा रहे रसूखदारों को लाभ।

### इनका कहना है

नगर में जीआइएस सिस्टम से सर्वे के बाद संपत्तिकर की वसूली की जानी है। सर्वे का काम दिल्ली की कंपनी कर रही है। देरी से काम करने पर नोटिस दिया गया है। बीच में दो साल कोविड के कारण समस्या हुई है। शीघ्र ही अब सर्वे कराकर वास्तविक टैक्स की वसूली की जाएगी।

**-सत्येंद्र सिंह धाकरे,** आयुक्त नगर निगम

# जबलपुर रिफर हुई अग्निदग्धा की पनागर के पास मौत

## 1500 में शव वापस लाने तैयार हुआ एंबुलेंस चालक

**कटनी, यशभारत।** जिला अस्पताल में एंबुलैंस व संजीवनी 108 चालकों की मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही है। खासकर जिला अस्पताल से जबलपुर रिफर किए जाने वाले मरीजों के परिजनों से मनमाना किराया वसूला जा रहा है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है। जिसमें जिला अस्पताल से जबलपुर रिफर हुई एक अग्निदग्धा की बीच रास्ते में मौत हो गई तो 108 चालक बीच रास्ते में ही शव उतारने लगा। परिजनों का आरोप है कि मिन्नतों के बाद 1500 रुपए देने पर 108 चालक शव वापस जिला अस्पताल ले जाने के लिए तैयार हुआ। जिसके बाद शव वापस कटनी आया और उसका पीएम कराया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बड़वारा थाना अंतर्गत ग्राम सुड्डी निवासी लक्ष्मी बाई पति मोहित दाहिया गतदिवस चूल्हे में चाय बना रही थी। इस दौरान ऊपर रखा शक्कर का डिब्बा निकालने लगी। तभी कपड़ों में आग लग गई और महिला आग की लपटों से घिर गई। आग लगने गंभीर रूप से झुलस गई। महिला की चीख सुनकर पति दौड़ा और किसी तरह आग पर काबू पाया। तत्काल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़वारा लेकर पहुंचे। हालत गंभीर होने पर उसे पहले जिला अस्पताल तथा बाद में गहन उपचार के लिए जबलपुर रिफर कर दिया गया। बताया जाता है कि जबलपुर ले जाते समय लक्ष्मी की पनागर के समीप मौत हो गई। मौत के बाद 108 चालक ने शव ले जाने से मना कर दिया। मृतिका की सास मुन्नी बाई ने बताया कि बहू लक्ष्मी की मौत रास्ते में ही पनागर के समीप हो गई थी। मौत के बाद एंबुलेंस चालक रास्ते में ही उतारने लगा और कहा कि दूसरी एंबुलेंस से शव वापस लेकर आओ। हमने काफी मिन्नतें की और 1500 रुपए देने पर ही वह शव वापस लेकर आया। जिसके बाद यहां पीएम किया गया। बहरहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# दो घटनाओं के बाद दहशत का माहौल

## आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर डीआईजी से मिले व्यापारी

**कटनी, यशभारत।** माधवनगर थाना क्षेत्र में घटित अपहरण, मारपीट व चाकूबाजी की घटनाओं में शामिल आरोपी अभी भी पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं। इन दोनों वारदातों के घटित होने के बाद व्यापारियों में भय व दहशत के साथ आक्रोश भी है।

घटनाओं से आक्रोशित व्यापारियों का एक प्रतिनिधि मंडल गतदिवस पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन से मिला और ज्ञापन सौंपकर आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हे गिरफ्तार करने की मांग की। गौरतलब है कि माधवनगर थाना अंतर्गत पहली वारदात बरगवां क्षेत्र स्थित शराब दुकान के पास घटित हुई थी। जिसमें तीन अज्ञात बदमाशों ने बैग कारोबारी समदड़िया सिटी निवासी संजय पिता राजकुमार पोहानी पर चाकू से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था।

पुलिस ने संजय पोहानी की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की लेकिन अब तक उनका सुराग भी पुलिस को नहीं मिला है। इसीप्रकार दूसरी वारदात की शुरूआत माधवनगर के तांगा स्टेंड से हुई। जहां कुछ हथियार लैस युवकों ने पहले होटल कारोबारी मोहित धामेचा का अपहरण कर उसे गायत्रीनगर क्षेत्र ले गए और फिर उसके साथ जमकर मारपीट की। मोहित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी राहुल बिहारी, केतु रजक, नमन बघेल व पंकज जायसवाल के खिलाफ धारा 365, 294, 323, 324, 506, 34 के तहत मामला दर्ज किया और आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किए लेकिन पुलिस अब तक एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। इन दोनों घटनाओं को लेकर भय व दहशतजदा व्यापारी गतदिवस डीआईजी एवं पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन से मिले और ज्ञापन सौंपकर आरोपियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने की व गिरफ्तार करने की मांग की।

### इनका कहना है

माधवनगर क्षेत्र में अपहरण कर चाकू मारने के मामले में आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। बैग कारोबारी के साथ हुई वारदात में भी पतासाजी की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

**-विजय प्रताप सिंह,** नगर पुलिस अधीक्षक

# डीपी के नीचे झूल रहे तार, शहर में जगह-जगह करंट का खतरा

**कटनी, यशभारत।** शहर के रहवासी या व्यावसायिक क्षेत्रों में जगह-जगह करंट का खतरा बना हुआ है। घरों को पहुंचने वाली सर्विस लाइन या स्ट्रीट लाइटों के कनेक्शन में बनाई गई डीपी जर्जर हो चुकी है, जिससे वायर फंसाकर बिजली भी चोरी की जा रही है। खुले तारों से करंट फैलने की आशंका भी है। कई जगहों पर डीपी के नीचे बिजली के तार लटक रहे हैं। इनमें कई जगहों पर तार कटे जुए हैं, कुछ को टेप से जोड़ा गया है। ऐसे हालात में करंट फैलने की आशंका है। गौरतलब है कि बिजली पोलो के बीच कनेक्शन में साकेट का इस्तेमाल नहीं किया गया है, जिससे इन तारों की दुर्दशा हो रही है। स्ट्रीट लाइटों की देखरेख करने वाली नगर निगम और घरों और व्यावासायिक क्षेत्रों तक बिजली पहुंचाने वाले बिजली विभाग का रखरखाव औपचारिक रह गया है, जिससे ट्रांसफार्मर की डीपी, स्ट्रीट लाइटों के कनेक्शन और शहर में कुछ जगहों पर बांस के पोल पर बंधे बिजली तार असमय हादसे को आमंत्रण दे रहे हैं। इन जगहों पर खुले तार या सड़क पर फैले तार वाहनों के पहिए से कट गए हैं, जिससे करंट फैलने की आशंका बनी हुई है। जानकार यह भी कह रहे हैं कि बस्तियों के पास आर्मड केबल भी काट दी गई हैं।

### इनका कहना है

डीपी पर सतत नजर रखी जाती है। केबल होने की वजह से करंट का खतरा नहीं है। यदि केबल कटी हुई है तो उसे दिखवाया जाएगा।

**- वीरेन्द्र सिंह परते,** डीई, शहर संभाग



## चोपन-कटनी पैसेंजर के बंद होने से हर वर्ग के लोग परेशान

# कोरोना कॉल से बंद ट्रेन को शुरू करने की सुध नहीं ले रहा रेलवे







## जनप्रतिनिधि भी नहीं दे रहे ध्यान, फिर से चलाने उठ रही मांग

**बरही/कटनी, यशभारत।** कटनी से चोपन के बीच सिंगरौली रेलखंड पर चलने वाली पैसेंजर ट्रेन कोरोना काल से बंद पड़ी है। 4 साल का समय बीत चुका है लेकिन अब तक पैसेंजर ट्रेन का परिचालन शुरू नहीं हुआ। जिसके कारण हजारों यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कटनी-चौपन पैसेंजर ट्रेन गरीब, मजदूर, व्यापारी के लिए आवागमन का बेहतर साधन थी। ट्रेन के बंद होने से आमजन परेशान है। वहीं क्षेत्र की गंभीर समस्या को लेकर रेलवे प्रशासन व जनप्रतिनिधि बेसुध हैं। गौरतलब है कि कटनी से चोपन के बीच चलने वाली पैसेंजर ट्रेन करीब चार साल से बंद है। एक ओर जहां क्षेत्र का व्यापार चौपट हो गया है तो वहीं आमजनों को कई तरह की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विदित हो कि पैसेंजर ट्रेन के बंद हो जाने से शहडोल, उमरिया, रीवा, सीधी, सिंगरौली, कटनी, जबलपुर सहित अन्य जिले के यात्रियों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है वहीं कई जिले के यात्रियों का आवागमन बंद होने से जनजीवन प्रभावित हो गया है।

### व्यापारी व मरीजों को हो रही परेशानी

कटनी-सिंगरौली रेलखंड की यह महत्वपूर्ण पैसेंजर ट्रेन विगत 4 साल से बंद है। जिसके कारण क्षेत्र के लोगों को कई तरह के परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक ओर जहां कई जिले के यात्रियों के लिए कटनी और जबलपुर जाने के लिए बेहतर साधन था। ट्रेन बंद होने से व्यापारी व मरीजों को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस ओर रेलवे प्रशासन व जनप्रतिनिधि सुध नहीं ले रहे हैं।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं दीपक कुमार जैन वल्द स्व. श्री हुकुमचंद जैन निवासी संत नगर चौराहा, सावरकर वार्ड, नई बस्ती, कटनी यह कथन करता हूं कि मुझे पूर्व में दीपक जैन के नाम से जाना जाता था अब वर्तमान में मुझे दीपक कुमार जैन से जाना एवं पहचाना जाए। यदि किसी को आपत्ति हो तो नीचे लिखे हुए पते पर एक हफ्ते में संपर्क करें।

**पुराना नाम- दीपक जैन**
**नया नाम - दीपक कुमार जैन वल्द स्व. हुकुमचंद जैन पता- संतनगर चौराहा, सावरकर वार्ड, नई बस्ती कटनी (म.प.)**

## अवैध शराब के साथ कई गिरफ्तार

**कटनी, यशभारत।** अलग-अलग थाना क्षेत्र में पुलिस ने दबिश देकर शराब जप्त की है। एनकेजे पुलिस ने कटंगीखुर्द में अजना बाई से दो लीटर शराब, स्लीमनाबाद पुलिस ने ग्राम मोहदापुरा में गुलाब बाई कोल से 20 पाव शराब, ग्राम चरगंवा में आनंद कुशवाहा से 25 पाव शराब, स्लीमनाबाद पुलिस ने ग्राम नैगंवा में दिनेश सिंह निवासी ग्राम तेवरी से 20 पाव देशी शराब, कुठला पुलिस ने लमतरा ओवर ब्रिज के ऊपर लखनी सेन से 5 लीटर शराब जप्त की है। कोतवाली पुलिस ने आबकारी मोहल्ला में हेमू चौधरी निवासी खिरहनी फाटक से 15 पाव देशी शराब, बैलटघाट में रायबाबू गोस्वामी से 16 पाव देशी शराब, माधवनगर पुलिस ने राबर्ट लाइन में अमोद तिवारी निवासी अमीरगंज को दो लीटर हाथ भट्टी शराब, माधवनगर पुलिस ने अमीरगंज में शंकर कोल से दो लीटर हाथ भट्टी शराब, कुठला पुलिस ने करहिया कला में मुन्नी बाई नरगडिया के पास से 5 लीटर कच्ची शराब जप्त की है। सभी आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

SHRI HOSPITAL KATNI

डॉ. दीपक सक्सेना डॉ. शोभना सक्सेना
विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ द्वारा दांतों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
डॉ. शोभित प्यासी बी.डी.एस./एम.डी.एस. रूट कैनाल विशेषज्ञ
डॉ. उपासना स्थापक बी.डी.एस./एम.डी.एस. पाइरिया एवं इम्पलांट विशेषज्ञ
संपर्क करें- श्री हॉस्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड बरगवां, कटनी
9425325316, 9425151543, 9752414316

प्लाट बिकाऊ हैं
शांतिनगर, बारह बंगला, राय कॉलोनी एवं समदड़िया सिटी के पास हर साइज के प्लाट उपलब्ध हैं।
दर- 1000/- से 1200/- प्रति वर्गफुट
अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें - मो. 9993705740

मरीज की सुरक्षा पहली प्राथमिकता
एडवांस्ड
सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर
32-96 स्लाइस की अति आधुनिक 2021 मॉडल की मशीन परंपरागत सीटी मशीन की तुलना में रेडिएशन के दुष्प्रभाव से बेहतर सुरक्षा प्रदान करती है।
क्योंकि इसमें है विश्वस्तरीय टिन टेक्नॉलाजी एवं आर्टीफिशियल इन्टेलीजेन्स
समय के साथ विश्व स्तर पर विस्तृत हो रही टेक्नॉलाजी को अपनाएं एवं बेहतर सुरक्षा के साथ बेहतर रिजल्ट पाएं
जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी
शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक चौदहा की क्लीनिक के सामने
9893723087,8319994375, 8103404843 फोन 07622-494511




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)